• जयपुर, शनिवार 8 अगस्त 26 • वर्ष 15 • अंक 281 • पृष्ठ : 8 • मूल्य : 1 रुपये

www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25

राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

RNI. No. RAJHIN/2011/40950

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

सुविचार

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''

● स्वामी विवेकानंद

# चमकता राजस्थान

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित



विज्ञापन के लिए : 93145 05000

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, ब्यावर, जालोर, करौली, नागौर बीकानेर से प्रसारित

## राष्ट्रीय हथकरघा दिवस : प्रधानमंत्री मोदी ने साझा किया केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह का लेख

# युवाओं से विरासत और नवाचार को जोड़ने का आह्वान

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के अवसर पर केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह द्वारा लिखित एक विशेष लेख साझा करते हुए हथकरघा को भारत की सबसे बड़ी सभ्यतागत शक्तियों में से एक बताया। उन्होंने कहा कि भारत की समृद्ध हथकरघा परंपरा केवल सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक नहीं है, बल्कि लाखों बुनकरों की आजीविका और देश की आर्थिक-सामाजिक पहचान का भी महत्वपूर्ण आधार है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्रीय मंत्री के लेख में भारतीय वस्त्रों की विविध क्षेत्रीय परंपराओं, बुनाई की समृद्ध विरासत तथा हथकरघा क्षेत्र के महत्व को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं से आह्वान किया कि वे भारत की पारंपरिक विरासत को आधुनिक प्रौद्योगिकी, रचनात्मकता और उद्यमशीलता के साथ जोड×कर हथकरघा उद्योग के विकास का नया अध्याय लिखें।

प्रधानमंत्री ने अपने सोशल मीडिया संदेश में कहा कि आज जब पूरा देश राष्ट्रीय हथकरघा दिवस मना रहा है, तब यह आवश्यक है कि भारत की



पारंपरिक बुनाई कला को नई पीढ़ी के नवाचार और तकनीकी

कौशल से जोड़ा जाए। इससे न केवल भारतीय हथकरघा उत्पादों को वैश्विक पहचान मिलेगी, बल्कि बुनकर समुदाय की आजीविका भी अधिक सुदृढ़ होगी।

उन्होंने कहा कि भारत के विभिन्न राज्यों की पारंपरिक वस्त्र शैलियां और हस्तनिर्मित कपड़े देश की सांस्कृतिक विविधता और शिल्प कौशल की अनमोल धरोहर हैं। इन परंपराओं को संरक्षित करने के साथ-साथ आधुनिक बाजार की आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित करना समय की आवश्यकता है।

प्रधानमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि युवाओं की भागीदारी, नई तकनीकों का उपयोग और उद्यमशीलता की भावना हथकरघा क्षेत्र को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी। इससे वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को भी मजबूती मिलेगी तथा देशभर के लाखों बुनकर परिवारों को बेहतर अवसर प्राप्त होंगे।

राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री का यह संदेश भारत की समृद्ध वस्त्र परंपरा के संरक्षण, नवाचार को प्रोत्साहन और बुनकरों के आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## न्यूज़ अपडेट

### दिल्ली हाई कोर्ट ने केंद्र से पूछा- आप जंतर-मंतर विरोध स्थल बंद क्यों नहीं कर देते?

**नईदिल्ली/एजेंसी।** दिल्ली हाई कोर्ट ने राष्ट्रीय राजधानी के बीचो-बीच जंतर-मंतर को विरोध-प्रदर्शन के लिए अनुमति देने पर केंद्र सरकार पर सवाल उठाया है। न्यायमूर्ति अमित महाजन ने शुक्रवार को कहा कि राजधानी के बीच इस तरह के विरोध-प्रदर्शनों के कारण शहर को अनावश्यक रूप से बंधक नहीं बनाया जाना चाहिए। कोर्ट ने सरकार से पूछा कि वह विरोध प्रदर्शनों के लिए जंतर-मंतर क्षेत्र को बंद करने पर विचार क्यों नहीं कर रही है।

न्यायमूर्ति महाजन ने ये टिप्पणियां तब की, जब वे अखिल भारतीय दलित ईसाई अधिकार संरक्षण समिति की ओर से दायर एक याचिका की सुनवाई कर रहे थे। याचिका में दिल्ली पुलिस को जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन करने की अनुमति मांगने वाली याचिका पर निर्णय लेने का निर्देश देने की मांग की गई थी। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता संजय घोष ने कोर्ट को बताया कि पुलिस न तो अनुरोध खारिज कर रही है और न ही स्वीकार किया है। इस पर कोर्ट ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल चेतन शर्मा से पूछा कि सरकार इसे बंद क्यों नहीं करती।

न्यायमूर्ति महाजन ने कहा, आप इसे बंद क्यों नहीं कर देते? यह दिल्ली के अंदर नहीं होना चाहिए, लेकिन यह सरकार का फैसला है। शहर को बेवजह बंधक क्यों बनाया जाए?

शर्मा ने जवाब दिया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश में यही है और कोर्ट इसपर विचार कर रही है कि क्या जंतर-मंतर वास्तव में एक नामित विरोध स्थल बन सकता है। अधिवक्ता घोष ने पूछा कि क्या केंद्र दिल्ली में कोई विरोध-प्रदर्शन नहीं चाहती है, जिस पर न्यायमूर्ति बोले, यह पुलिस को तय करना है। अगर वे शहर के अंदर विरोध प्रदर्शन बर्दाश्त नहीं कर सकते, तो...

घोष ने कहा कि शाहीन बाग मामले में सुप्रीम कोर्ट ने शांतिपूर्ण विरोध-प्रदर्शन का अधिकार दिया है।

न्यायमूर्ति महाजन ने दोहराया, व्यक्तिगत रूप से, आप मुझसे पूछें, तो मेरा दृष्टिकोण अलग है। जब पूरा शहर अस्त-व्यस्त हो जाता है, तो ऐसा क्यों होना चाहिए?

कोर्ट ने यह टिप्पणी तब की है, जब नीट पेपर लीक को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के नेतृत्व में बड़े पैमाने पर विरोध-प्रदर्शन हुआ था।

इसके बाद 20 जुलाई को छात्रों ने संसद कूच किया और उनकी पुलिसकर्मियों से झड़प हो गईष पुलिस ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठी, आंसू गैस और पैलेट गन दागे।

# भारतीय वायुसेना के लिए 3.25 लाख करोड़ की महाडील

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

भारतीय वायुसेना की लड़ाकू क्षमता को कई गुना बढ़ाने और आसमान में अपनी धाक और मजबूत करने के लिए एक ऐतिहासिक महाडील पर काम तेज हो गया है। फ्रांस की मशहूर विमान निर्माता कंपनी डसॉल्ट एविएशन ने भारत को 114 मल्टीरोल राफेल फाइटर जेट्स देने के लिए अपना तकनीकी और वाणिज्यिक प्रस्ताव भारत सरकार को सौंप दिया है। करीब 3.25 लाख करोड़ रुपये की इस संभावित डील की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इन विमानों का निर्माण सीधे तौर पर 'मेक इन इंडिया' पहल से जुड़ा होगा। इसके तहत 114 में से 94 लड़ाकू विमान भारत की सरजमीं पर ही एक भारतीय पार्टनर कंपनी के साथ मिलकर बनाए जाएंगे। रक्षा मंत्रालय की विंग और वायुसेना ने इस बेहद अहम प्रपोजल का बारीकी से मूल्यांकन भी शुरू कर दिया है।

## फ्रांस ने दिया 114 राफेल का प्रस्ताव

### अत्याधुनिक तकनीक का होगा 'ट्रांसफर', भारत में बनेंगे अहम पुर्जे

मई महीने में भारत द्वारा भेजे गए 'लेटर ऑफ रिक्वेस्ट' के जवाब में फ्रांस ने जो प्रस्ताव दिया है, उसमें टेक्नोलॉजी ट्रांसफर पर भारी जोर दिया गया है। भारत ने पहले ही स्पष्ट कर दिया था कि यह डील 'मेक इन इंडिया' के बिना मुमकिन नहीं है। इस समझौते के तहत डसॉल्ट एविएशन के साथ-साथ इंजन बनाने वाली कंपनी सफरान एवियोनिक्स देने वाली थेल्स और हथियार निर्माता एमबीडीए भी अपनी अहम तकनीक भारत को ट्रांसफर करेंगे। इस पूरी प्रक्रिया के बाद एयरफ्रेम, इंजन और एवियोनिक्स में 55त्न से 60त्न तक स्वदेशी तकनीक का इस्तेमाल सुनिश्चित किया जाएगा, जिससे भारत का रक्षा उद्योग इस वक्त भारतीय वायुसेना के पास 36 राफेल फाइटर जेट्स की मजबूत फ्लीट मौजूद है, जिन्हें 2015 के सौदे के तहत शामिल किया गया था। इसके अलावा भारतीय नौसेना ने भी अपने युद्धपोतों के लिए 26 राफेल-एम जेट्स का ऑर्डर दिया है। वर्तमान में रूस निर्मित पुराने मिग विमान लगातार रिटायर हो रहे हैं और स्वदेशी तेजस के प्रोडक्शन में हो रही देरी की वजह से वायुसेना की स्क्वाड्रन की संख्या तेजी से घट रही है। ऐसे में 114 नए राफेल जेट्स वायुसेना की ताकत को फिर से चरम पर पहुंचा देंगे। एक ही तरह के लड़ाकू विमानों की संख्या बढने् से इनके मेंटेनेंस के खर्च में भी भारी कमी आएगी। खास बात यह है कि अंबाला एयरबेस पर पहले से ही राफेल की मेंटेनेंस, रिपेयर और ओवरहॉल सुविधा मौजूद है, जहां बिना किसी देरी के 36 से 38 नए विमानों (करीब दो स्क्वाड्रन) को आसानी से तैनात किया जा सकता है।



नीट-यूजी प्रश्नपत्र लीक :

### केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो की आरोपपत्र में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के विशेषज्ञों की भूमिका का दावा, 13 आरोपी न्यायिक हिरासत में

**नई दिल्ली/एजेंसी।** नीट-यूजी 2026 प्रश्नपत्र लीक मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दायर कथित आरोपपत्र में परीक्षा लीक से जुड़े एक संगठित बहु-राज्यीय गिरोह की कार्यप्रणाली का विस्तृत विवरण सामने आया है। विभिन्न मीडिया रिपोर्टों के अनुसार सीबीआई ने इसे सुनियोजित बहु-राज्यीय आपराधिक साजिश बताया है, जिसमें राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा नियुक्त विषय विशेषज्ञों, कोचिंग संचालकों, बिचौलियों तथा अभ्यर्थियों की मिलीभगत होने का दावा किया गया है। सीबीआई के आरोपपत्र में 13 आरोपियों को नामजद किया गया है। जांच एजेंसी का कहना है कि प्रश्नपत्र लीक करने की योजना परीक्षा से कई महीने पहले ही बना ली गई थी। आरोप है कि एनटीए द्वारा नियुक्त जीवविज्ञान, रसायन विज्ञान और भौतिकी के विषय विशेषज्ञ, जिन्हें प्रश्नपत्रों के गोपनीय अनुवाद और प्रूफरीडिंग का कार्य सौंपा गया था, उन्होंने प्रश्नों को याद किया, हस्तलिखित नोट्स तैयार किए तथा कुछ मामलों में प्रश्नों की तस्वीरें लेकर उन्हें आगे पहुंचाया। आरोपपत्र में रसायन विज्ञान के विशेषज्ञ पी. वी. कुलकर्णी, जीवविज्ञान की विशेषज्ञ मनीषा मंधारे तथा भौतिकी की विशेषज्ञ मनीषा हवलदार को प्रश्नपत्र लीक का मुख्य स्रोत बताया गया है। तीनों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

### शी जिनपिंग के दौरे से पहले भारत-चीन में सीमा वार्ता, कई मुद्दों पर बनी सहमति

**नई दिल्ली/एजेंसी।** भारत और चीन के बीच सीमा मामलों पर परामर्श एवं समन्वय कार्य तंत्र की 36वीं बैठक में दोनों देशों ने वास्तविक नियंत्रण रेखा की मौजूदा स्थिति की समीक्षा करते हुए सीमा से जुड़े लंबित मुद्दों के समाधान तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति एवं स्थिरता बनाए रखने पर सहमति व्यक्त की। बैठक में राजनयिक एवं सैन्य स्तर पर संवाद जारी रखने तथा गलतफहमियों और गलत आकलन से बचने के लिए मौजूदा तंत्र का प्रभावी उपयोग करने पर भी जोर दिया गया। विदेश मंत्रालय के अनुसार बैठक के दौरान दोनों देशों ने सीमांकन, सीमा प्रबंधन, संस्थागत तंत्र के सुदृढ़ीकरण तथा सीमा पार सहयोग से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया। दोनों पक्षों ने वास्तविक नियंत्रण रेखा पर मौजूदा स्थिति की खुलकर समीक्षा की और इस बात पर सहमति जताई कि सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और स्थिरता द्विपक्षीय संबंधों के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। भारत ने बैठक में सीमा पार बहने वाली नदियों से जुड़े विशेषज्ञ स्तरीय तंत्र की शीघ्र बैठक आयोजित करने की आवश्यकता भी दोहराई, ताकि जल संसाधनों से जुड़े मुद्दों पर नियमित संवाद और समन्वय बना रहे।



### पटना में एनएच-30 पर सड़क हादसे में युवक की मौत के बाद बवाल, 10 गाडियां फूंकी



**पटना/एजेंसी।** बिहार की राजधानी पटना में शुक्रवार को एक तेज रफ्तार वाहन बस की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई, जिसके बाद इलाके में हिंसा भड×क गई। हादसा अगमकुआं थाना क्षेत्र के बड़ी पहाड़ी के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-30) पर हुआ है। मृतक की पहचान 26 वर्षीय मनीष कुमार के रूप में हुई है। घटना से गुस्साए लोगों ने एक यात्री बस समेत 10 वाहनों में आग लगा दी और पुलिस पर पथराव भी किया। रिपोट्र्स के मुताबिक, पहाड़ी मोहल्ला के रहने वाले मनीष उर्फ उपेंद्र शुक्रवार को एनएच-30 पार कर रहे थे, तभी तेज रफ्तार यात्री बस ने मनीष को कुचल दिया और बस चालक मौके से फरार हो गया। मनीष की मौके पर मौत हो गई। इसके बाद इलाके के लोगों ने राजमार्ग जाम कर नारेबाजी शुरू कर दी। राजमार्ग जाम होने से आवागमन ठप हो गया और लंबा जाम लग गया। इसके बाद पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची।

गुस्साई भीड़ ने राजमार्ग से गुजर रहे वाहनों में तोड़फोड़ की। इस दौरान एक यात्री स्लीपर बस, पुलिस के 2 वाहनों और राहगीरों के वाहन समेत 10 वाहनों में आग लगाई है। बाद में 5 थानों की पुलिस को मौके पर भेजकर स्थिति को नियंत्रण में लेने की कोशिश की गई। मीडियाकर्मियों से भी मारपीट हुई है। अग्निशमन कर्मियों को भी अपना वाहन छोड़कर भागना पड़ा।

## सीआरपीएफ में मानसिक तनाव का दौर

# 5 सालों में 281 जवानों ने की खुदकुशी, 2025 में टूटे सभी रिकॉर्ड

**नई दिल्ली/एजेंसी।**

देश की आंतरिक सुरक्षा का जिम्मा संभालने वाले सबसे बड़े अर्धसैनिक बल सीआरपीएफ के जवानों को लेकर एक बेहद चिंताजनक और चौंकाने वाली खबर सामने आई है। हमेशा आतंकियों और नक्सलियों से लोहा लेने वाले हमारे बहादुर जवान अब मानसिक तनाव और निजी परेशानियों से हार रहे हैं। हाल ही में सामने आए ताजा आंकड़ों के मुताबिक, बीते पांच सालों में जवानों की आत्महत्या के मामलों ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। साल 2025 में खुदकुशी के आंकड़े अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गए हैं, जिसने सुरक्षा एजेंसियों और प्रशासन की नींद उड़ा दी है।



### ● पांच सालों के डराने वाले आंकड़े, निचले स्तर पर सबसे ज्यादा दबाव

अगर पिछले पांच सालों के आंकड़ों पर नजर डालें, तो स्थिति की गंभीरता का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है। अधिकारियों के मुताबिक, साल 2021 में 57, साल 2022 में 43, साल 2023 में 57 और 2024 में 46 जवानों ने आत्महत्या की थी, जबकि 2025 में यह आंकड़ा छलांग लगाकर 59 पर पहुंच गया। जुलाई 2026 तक के 19 मामलों को भी अगर मिला लिया जाए, तो बीते पांच सालों में कुल 281 जवानों ने मौत को गले लगाया है। इनमें से 237 जवान अराजपत्रित रैंक के थे, जो इस बात का स्पष्ट संकेत है कि निचले स्तर पर काम करने वाले जवानों को किस हद तक दबाव और तनाव का सामना करना पड़ रहा है।

### ● ड्यूटी के दौरान सबसे ज्यादा मौतें, सिपाही वर्ग में बढ़ा तनाव

आधिकारिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, साल 2025 में कुल 59 सीआरपीएफ जवानों ने अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली, जो पिछले पांच सालों में एक रिकॉर्ड आंकड़ा है। सबसे ज्यादा चिंता की बात यह है कि अपनी जान देने वालों में 80 प्रतिशत से अधिक जवान सिपाही रैंक के थे। आंकड़ों की गहराई में जाएं तो 2021 से 2025 के बीच सामने आए 262 मामलों में से 202 मामलों (करीब 77 प्रतिशत) में जवानों ने तब यह खौफनाक कदम उठाया, जब वे अपनी ड्यूटी पर तैनात थे। बाकी की घटनाएं छुट्टी पर रहने के दौरान हुईं।

### ● घर की कलह और नौकरी का भारी दबाव बन रहा जानलेवा

इस गंभीर विषय पर हालांकि बल की तरफ से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है, लेकिन सीआरपीएफ के कुछ अधिकारियों ने बताया कि जवानों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए कई कदम उठाए गए हैं और यह प्रक्रिया लगातार जारी है। जांच में यह बात निकलकर सामने आई है कि आत्महत्या के अधिकतर मामलों के पीछे पारिवारिक विवाद और घर की परेशानियां मुख्य कारण रही हैं। इसके साथ ही, नौकरी की सख्त दिनचर्या और कठिन परिस्थितियों में ड्यूटी ने जवानों के मानसिक तनाव को और भी ज्यादा बढ़ा दिया है। आपको बता दें कि लगभग 3.25 लाख की क्षमता वाले इस बल के 95 से 97 प्रतिशत जवान हर समय मोर्चे पर डटे रहते हैं, चाहे वह आतंकवादियों से निपटना हो या देश में कानून-व्यवस्था बनाए रखना हो।

न्यूज अपडेट

## 'रन फॉर ब्यावर' में उमड़ा शहरवासियों का उत्साह, दिया स्वस्थ जीवन और एकता का संदेश 'ब्यावर जिला स्थापना दिवस पर रन फॉर ब्यावर आयोजित'




**चमकता राजस्थान/ब्यावर।** ब्यावर जिले के चतुर्थ स्थापना दिवस के अवसर पर शुक्रवार को जिला प्रशासन की ओर से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। स्थापना दिवस समारोह में जिले की विकास यात्रा, उपलब्धियों और जनभागीदारी की झलक देखने को मिली। कार्यक्रमों के माध्यम से जिले के विकास में आमजन की सहभागिता तथा स्वस्थ एवं अनुशासित जीवनशैली का संदेश दिया गया।

- **'रन फॉर ब्यावर' को मिली जनभागीदारी**

स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित 'रन फॉर ब्यावर' को विधायक शंकर सिंह रावत, जिला कलक्टर कमल राम मीना एवं जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह ने जिला कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। दौड़ कलेक्ट्रेट परिसर से प्रारंभ होकर चांग गेट, भारत माता सर्किल एवं अजमेरी गेट होते हुए पुनः कलेक्ट्रेट परिसर पहुंची। दौड़ में विभिन्न वर्गों के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मार्ग में शहरवासियों में भी स्थापना दिवस को लेकर उत्साह नजर आया।

- **विभिन्न वर्गों ने उत्साह से लिया हिस्सा**

'रन फॉर ब्यावर' में पुलिस विभाग के जवानों, शारीरिक शिक्षकों, एनसीसी कैडेट्स, स्काउट-गाइड, अधिकारी-कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों एवं आमजन ने सहभागिता की। युवाओं के साथ विभिन्न आयु वर्ग के नागरिकों की भागीदारी ने कार्यक्रम को व्यापक जनभागीदारी का स्वरूप प्रदान किया। दौड़ के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली, अनुशासन, एकता और सामूहिक सहभागिता का संदेश दिया गया। साथ ही जिले के विकास में प्रत्येक नागरिक की भूमिका और जिम्मेदारी के भाव को भी प्रोत्साहित किया गया।

## डीग में अतिवृष्टि के बाद एक्शन मोड में जिला कलक्टर मयंक मनीषः सीकरी व पहाड़ी उपखंडों में जलभराव प्रभावित क्षेत्रों का किया सघन निरीक्षण

- **प्रदेश में सर्वाधिक बारिश के बीच अलर्ट पर प्रशासनः जल निकासी, आश्रय स्थलों की पूर्व तैयारी और सिविल डिफेंस तैनाती के दिए निर्देश; कैथवाड़ा बांध सहित निचले इलाकों की 24 घंटे निगरानी**



**चमकता राजस्थान/डीग।** डीग जिले में पिछले दो दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश तथा बीते 24 घंटों में सर्वाधिक वर्षा दर्ज होने के बाद जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद और अलर्ट पर आ गया है। जिला कलक्टर मयंक मनीष ने शुक्रवार को उपखंड सीकरी एवं पहाड़ी के विभिन्न जलभराव संभावित एवं प्रभावित क्षेत्रों का धरातल पर पहुंचकर सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सीकरी कस्बे के भगत सिंह चौराहा, सीकरी राजकीय चिकित्सालय तथा पहाड़ी रोड पर पोखर के समीपवर्ती क्षेत्रों सहित प्रमुख स्थलों का जायजा लिया और जल निकासी एवं नागरिक सुरक्षा से जुड़े कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश जारी किए। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने भगत सिंह चौराहा स्थित नाले की सफाई कराने तथा सीकरी चिकित्सालय परिसर में खिड़की के क्षतिग्रस्त लेंटर की अविलंब मरम्मत हेतु नगरपालिका के कनिष्ठ अभियंता को पाबंद किया। वहीं, पहाड़ी रोड स्थित पोखर के समीप जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए उच्च क्षमता वाले मड पंप तैनात करने के निर्देश दिए, ताकि बारिश के पानी की सुगम व त्वरित निकासी सुनिश्चित की जा सके। दौरे के दौरान स्थिति की समीक्षा करते हुए जिला कलक्टर ने बताया कि विगत दो दिनों से जिले भर में भारी बारिश हो रही है और पिछले 24 घंटों में पूरे राजस्थान में सर्वाधिक वर्षा डीग जिले में ही दर्ज की गई है। अतिवृष्टि की स्थिति को देखते हुए सीकरी तथा पहाड़ी के उन क्षेत्रों का विस्तृत दौरा कर निरीक्षण किया गया है, जहाँ जलभराव की समस्या उत्पन्न हो रही है।

## नुक्कड़ नाटक एवं पौधारोपण कर हरियाली का दिया संदेश



**चमकता राजस्थान/जयपुर।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघ मालवीय नगर की ओर से वन महोत्सव का आयोजन किया गया । प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर एवं सचिव के.के. शर्मा ने बताया कि आयोजन की मुख्य अतिथि पूर्व महिला आयोग अध्यक्ष श्रीमती सुमन शर्मा ने स्काउट गाइड की ओर से चलाए जा रहे वन महोत्सव एवं पर्यावरण संरक्षण को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आम जन तक पहुंचाने को एक अच्छी पहल बताया तथा अभियान में विवेक टेक्नो स्कूल जयपुर के प्रयासों की सराहना की ।

अमृत कौर ग्रुप के राजन सरदार ने स्काउट गाइड के सेवा कार्यों एवं स्वच्छता अभियान की प्रशंसा की ।

आयोजन में विवेक टेक्नो स्कूल की निदेशक डॉ. गरिमा सिंह मील,राजेश खण्डेलवाल,परवीन मेहता,यशवंत सिंह, जितेंद्र सिंह दिविशा,वानी, व समस्त उपस्थित रहा।

# शिरोमणि अकाली दल के नेता सुखबीर सिंह बादल ने दिल्ली में पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की

दिल्ली



शिरोमणि अकाली दल के नेता सुखबीर सिंह बादल ने दिल्ली में पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की है. उनकी प्रधानमंत्री से संसद भवन परिसर में ही मीटिंग हुई. इस बैठक में क्या चर्चा हुई है, इसे लेकर दोनों दलों की ओर से कोई बयान जारी नहीं किया गया है. लेकिन कयास हैं कि पंजाब विधानसभा चुनाव में एक बार फिर से अकाली दल और भाजपा साथ आ सकते हैं. दोनों दलों का लंबे समय तक साथ रहा था, लेकिन 2020 में अलगाव हो गया था. अब एक बार फिर से दोनों दलों के साथ आने कयास लग रहे हैं. ऐसा इसलिए भी है क्योंकि पंजाब में अकाली दल की स्थिति भी काफी कमजोर है. वहीं भाजपा भी अब तक सिख वोटों के बीच अपनी पैठ नहीं बना सकी है. अगले कुछ महीनों में ही पंजाब में विधानसभा चुनाव होने हैं. अकाली दल के सूत्रों का कहना है कि सुखबीर बादल ने पीएम मोदी से पंजाब की कानून व्यवस्था को लेकर बात की. इसके अलावा पंजाब सरकार के कामकाज को लेकर भी कुछ बातें कीं और भ्रष्टाचार के मसले को उठाया है. हालांकि चर्चा इसी बात को लेकर तेज है कि असेंबली इलेक्शन से पहले दोनों दल करीब आ सकते हैं. इस बीच अरविंद केजरीवाल ने मीटिंग को लेकर टिप्पणी की है. आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट किया, 'तो क्या दोनों दल साथ आ रहे हैं?'

- **भाजपा के नेता कई बार कह चुके- अकेले ही लड़ेंगे 2027 का चुनाव**

बता दें कि बीते कई महीनों से भाजपा नेता लगातार यह कह रहे हैं कि हम अकेले ही 2027 का चुनाव लड़ेंगे. लेकिन सुखबीर सिंह बादल की पीएम मोदी से मुलाकात ने फिर से कयास तेज किए हैं. माना जा रहा है कि दोनों दल जरूरत समझते हुए साथ आने की तैयारी में हैं. अकाली दल भाजपा के सबसे पुराने साथियों में से एक था. दोनों का गठबंधन करीब ढाई दशकों तक लगातार चला था, लेकिन 2020 में तीन विवादित कृषि कानूनों को लाने पर संबंध बिगड़ गए थे. अकाली दल ने एनडीए से अपना समर्थन वापस ले लिया था.

- **दोनों ने 2022 और 2024 में अकेले लड़ा चुनाव, पर कोई फायदा नहीं हुआ**

इसके अलावा केंद्रीय मंत्री रहीं हरसिमरत कौर बादल ने मंत्री पद से भी इस्तीफा दे दिया था. इसके बाद दोनों दलों ने 2022 का विधानसभा चुनाव और 2024 का लोकसभा चुनाव अकेले ही लड़ा था, लेकिन दोनों को कोई खास सफलता नहीं मिल सकी थी. ऐसे में अब दोनों ही साथ आने की जरूरत महसूस कर रहे हैं. फिलहाल चर्चाएं तेज हैं कि आखिर यह मुलाकात भविष्य में क्या रंग दिखाएगी।

## बेलगाम बस ने युवक को कुचला तो भड़की हिंसा, भीड़ ने पुलिस वाहन समेत कई गाड़ियां फूंकीं

पटना।



राजधानी पटना के पटना सिटी इलाके में शुक्रवार, 7 अगस्त को हुए सड़क हादसे को लेकर बड़ा बवाल हो गया. जानकारी के मुताबिक, पटना सिटी में जीरो माइल के पास एक तेज रफ्तार बस ने एक युवक को कुचल दिया, जिससे मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई. इस घटना से स्थानीय लोग भड़क उठे और उन्होंने बस फूंक दी. इसके बाद आक्रोशित भीड़ ने एनएच-30 को जाम कर दिया और जमकर विरोध प्रदर्शन किया. घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने जब लोगों को समझाने का प्रयास किया तो कुछ उपद्रवियों ने पुलिस वाहन भी फूंक दिए. इसके कई अन्य वाहनों को आग के हवाले कर दिया. इस दौरान पुलिसकर्मियों और पत्रकारों पर भी हमला किया. पुलिस वालों ने भागकर अपनी जान बचाई. जानकारी के मुताबिक, पहाड़ी मोहल्ला निवासी मनीष उर्फ उपेंद्र सड़क पार कर रहा था, तभी तेज रफ्तार से आ रही बस ने उसे कुचल दिया. युवक की मौके पर ही मौत हो गई. हादसे की खबर फैलते ही स्थानीय लोग बड़ी संख्या में घटनास्थल पर जुट गए और गुस्से में बस को आग के हवाले कर दिया. इसके बाद लोगों ने छोटी पहाड़ी चौराहा के पास सड़क जाम कर दिया. इससे नेशनल हाईवे पर वाहनों की लंबी कतार लग गई और आवागमन पूरी तरह ठप हो गया. प्रदर्शन के दौरान कुछ उपद्रवियों ने स्थिति को और भड़का दिया. उपद्रवियों ने पहले पुलिस पर पथराव किया और फिर पुलिस वाहनों समेत कई गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया. आगजनी की इस घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गई और लोग इधर-उधर भागने लगे. स्थिति को संभालने के लिए भारी पुलिस फोर्स को तैनात किया गया. मौके पर पहुंचे एएसपी राजकिशोर सिंह ने बताया कि हादसे के बाद कुछ समय के लिए विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हो गई थी, जिसे अब नियंत्रित कर लिया गया है. उन्होंने कहा कि सड़क जाम हटा दिया गया है और मामले में विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## 2027 चुनाव से पहले आरएलडी को बड़ा झटका, यूपी अध्यक्ष डॉ. रामाशीष राय ने दिया इस्तीफा



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियों के बीच राष्ट्रीय लोकदल को बड़ा संगठनात्मक झटका लगा है। पार्टी के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रामाशीष राय ने अपने पद से इस्तीफा देने के साथ-साथ पार्टी की प्राथमिक सदस्यता भी छोड़ दी है। बताया जा रहा है कि डॉ. रामाशीष राय ने अपना इस्तीफा पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व को भेज दिया है। उनके इस फैसले के बाद प्रदेश की सियासत में हलचल तेज हो गई है। राजनीतिक जानकार इसे विधानसभा चुनाव से पहले आरएलडी के लिए अहम घटनाक्रम मान रहे हैं।

- **संगठन पर पड़ सकता है असर**

डॉ. रामाशीष राय प्रदेश संगठन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभाल रहे थे। ऐसे में उनके अचानक इस्तीफा देने से पार्टी के संगठनात्मक ढांचे और आगामी चुनावी रणनीति पर असर पड़ने की चर्चा शुरू हो गई है। खासकर ऐसे समय में, जब सभी राजनीतिक दल 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर अपनी तैयारियों में जुटे हैं।

- **पार्टी की ओर से अभी कोई बयान नहीं**

फिलहाल, राष्ट्रीय लोकदल की ओर से डॉ. रामाशीष राय के इस्तीफे पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। वहीं, इस्तीफे के पीछे की वजह भी अभी सार्वजनिक नहीं की गई है। अब सभी की नजर इस बात पर है कि पार्टी नेतृत्व इस घटनाक्रम पर क्या फैसला लेता है और उत्तर प्रदेश संगठन की कमान किसे सौंपी जाती है।

## घर में घुसा विशाल ब्लैक कोबराः मचा हड़कंप, रेस्क्यू टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद पकड़ा

चमकता राजस्थान



**ब्यूरो चीफ जेके बावल/ रानी** । जीवंद कलां ढाणी में शुक्रवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब नर्सिंग ऑफिसर किशोर कुमार बावल के घर में अचानक एक ब्लैक कोबरा सांप घुस आया। घर में सांप दिखाई देते ही परिवार के लोगों में डर का माहौल बन गया। सूचना आसपास के लोगों को मिली तो मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और हर कोई सांप को देखने के लिए उत्सुक नजर आया।

परिजनों ने बिना जोखिम उठाए तत्काल इसकी सूचना सांप रेस्क्यू टीम के नगराज भटनागर, खारड़ा को दी। सूचना मिलते ही भटनागर मौके पर पहुंचे और घर में छिपे कोबरा की तलाश शुरू की। काफी सावधानी और कड़ी मशक्कत के बाद उन्होंने सांप को सुरक्षित तरीके से काबू में कर लिया। कोबरा के पकड़े जाने के बाद परिवार सहित आसपास के लोगों ने राहत की सांस ली। रेस्क्यू टीम ने जहरीले सांप को सुरक्षित डिब्बे में रखा और बाद में आबादी क्षेत्र से दूर जंगल में छोड़ने के लिए रवाना किया। बच्चों की मौजूदगी नहीं होने से टला बड़ा खतरा

गनीमत रही कि जिस समय कोबरा घर में घुसा, उस दौरान बच्चे वहां मौजूद नहीं थे। रहवासी मकान होने के कारण घर के आसपास बच्चे अक्सर खेलते रहते हैं। ऐसे में यदि सांप बच्चों की नजर से बचकर उनके संपर्क में आ जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था। ग्रामीणों के अनुसार क्षेत्र में इससे पहले भी इसी तरह का कोबरा सांप दिखाई दे चुका है, जिससे लोगों में चिंता बनी हुई है।

## ड्राइविंग लाइसेंस शिविर में सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति किया गया जागरूक

**जमशेदपुर।** राज्य सरकार से प्राप्त दिशा-निर्देश के आलोक में उपायुक्त राजीव रंजन के निर्देशानुसार जिले के सभी प्रखंडों एवं ग्राम पंचायतों में ड्राइविंग लाइसेंस निर्माण हेतु विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान 02 जुलाई से चल रहा हैं, जो 08 सितंबर तक निर्धारित तिथियों के अनुसार संचालित किया जायेगा। इसी क्रम में गुड़ाबांदा प्रखंड में जिला परिवहन पदाधिकारी दिलीप कुमार के नेतृत्व में ड्राइविंग लाइसेंस निर्माण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 341 आवेदकों ने आवेदन किया, जिनमें से 289 आवेदकों को सफलतापूर्वक लर्नर लाइसेंस प्रदान किया गया। शेष आवेदनों में आवश्यक दस्तावेज अथवा अन्य निर्धारित मानकों की पूर्ति नहीं होने के कारण नियमानुसार अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। ड्राइविंग टेस्ट में सफल अभ्यर्थियों को जिला परिवहन पदाधिकारी दिलीप कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी डांगुर कोरह तथा मोटरयान निरीक्षक सूरज हेम्ब्रम द्वारा लर्नर लाइसेंस प्रदान किया गया। इस अवसर पर सभी अभ्यर्थियों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों की जानकारी दी गई। आयोजन में जिला परिवहन कार्यालय के कर्मियों एवं सड़क सुरक्षा टीम की सक्रिय सहभागिता रही।

# सीएम योगी पर अखिलेश यादव का तंज

### कहा- 7000 करोड़ का कॉस्मेटिक फेशियल करवाकर बनाया विश्व रिकॉर्ड

लखनऊ।



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश सरकार के विज्ञापन खर्च को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया है कि सरकार ने जनता की गाढ़ी कमाई के करीब 7000 करोड़ रुपये सिर्फ अपनी छवि चमकाने में उड़ा दिए। अखिलेश ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर तंज कसते हुए लिखा, 'मुख्यमंत्री जी ने 7000 करोड़ रुपये का कॉस्मेटिक फेशियल करवाकर एक नया 'विश्व रिकॉर्ड' कायम कर दिया है।'

- **शिक्षा और रोजगार पर खर्च होता पैसा**

अखिलेश यादव ने आगे लिखा कि मुख्यमंत्री ने अपनी झूठी छवि को सच्ची दिखाने के लिए हजारों करोड़ रुपये पानी की तरह बहा दिए हैं। उन्होंने इस खर्च को प्रदेश के लिए निंदनीय बताया और कहा कि उत्तर प्रदेश आज भी गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई, एमएसपी, बिजली, पानी, सड़क और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी समस्याओं से बुरी तरह जूझ रहा है। सपा प्रमुख ने दावा किया कि यदि इतनी ही बड़ी रकम शिक्षा के क्षेत्र में लगाई जाती तो केजी से लेकर पीजी और रिसर्च तक की 2-3 विश्वस्तरीय यूनिवर्सिटी आसानी से बनाई जा सकती थीं जिससे प्रदेश के युवाओं का भविष्य संवर जाता। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर शिक्षा और युवाओं को सबसे ज्यादा प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने नियो इंडिया का जिक्र करते हुए दावा किया कि उनकी सरकार बनने पर उत्तर प्रदेश तरक्की और खुशहाली के नए रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ेगा।

- **लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे की गुणवत्ता पर उठाए सवाल**

विज्ञापन के मुद्दे के अलावा अखिलेश यादव ने लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे की गुणवत्ता को लेकर भी योगी सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने सड़क धंसने और मरम्मत के दौरान पंखों से सड़क सुखाने का एक पोस्ट भी शेयर किया है। पोस्ट साझा करते हुए उन्होंने लिखा कि, 'यह भाजपाई तरक्की की नई हवा।' अखिलेश ने तंज कसते हुए कहा कि जिस एक्सप्रेसवे का कुछ दिन पहले ही उद्घाटन हुआ हो उसे इतनी जल्दी बार-बार मरम्मत की जरूरत पड़ना निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर बेहद गंभीर सवाल खड़े करता है।

- **तेज रफ्तार का जोखिम कौन उठाएगा**

सपा अध्यक्ष ने कहा कि एक्सप्रेसवे के मरम्मत वाले हिस्से को जल्दी सुखाने के लिए वहां पंखों का इस्तेमाल किया जा रहा है जो इस पूरी स्थिति को और भी ज्यादा हास्यास्पद बना देता है। उन्होंने सरकार से सीधा सवाल किया कि जब उद्घाटन के महज दो से तीन सप्ताह के भीतर ही एक्सप्रेसवे कई बार मरम्मत मांग रहा है तो उस पर तेज रफ्तार से सफर करने का जोखिम भला कौन इंसान उठाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### भारत विकास परिषद् शाखा नागौर द्वारा राष्ट्रीय प्रकल्प गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन विष्णु बाल निकेतन उच्च माध्यमिक में किया गया



**चमकता राजस्थान/रिपोर्ट मोहम्मद रफीक नागौर।** कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ सदस्य सेवानिवृत प्रोफेसर भवानी शंकर रांकावत,बजरंग लाल शर्मा, खींवराज टाक और राजेंद्र डागा ने भारत माता और स्वामी विवेकानंद जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। परिषद् की परंपरा के अनुसार राष्ट्र गीत वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता भवानी शंकर रांकावत ने गुरू वंदन छात्र अभिनंदन पर प्रकाश डाला और बताया कि गुरु शिक्षा क्षेत्र के अलावा जिससे शिक्षा मिलती है वह गुरु है अनुशासन एवं देश के प्रति समर्पण का भाव जरूरी है भारत विकास परिषद की जानकारी पूर्व सचिव बजरंग लाल शर्मा द्वारा दी गई परिषद विभिन्न प्रकार की के सेवा प्रकल्प संपूर्ण देश भर में चलाती है प्रकृति वंदन और नशा मुक्ति की शपथ खींवराज टॉक द्वारा दिलाई गई। परिषद् के वरिष्ठ सदस्य राजेंद्र डागा द्वारा विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त किया गया कार्यक्रम में छात्र रामकैलाश और छात्रा प्रतिभा को पारितोषिक प्रदान कर सम्मानित किया गया विद्यालय के 10 शिक्षकों को उपहार स्वरूप कलम प्रदान कर बहुमान किया गया।

### लालसोट पुलिस का बड़ा एक्शन, देह व्यापार में लिप्त संगठित गिरोह का भंडाफोड़

**चमकता राजस्थान/रविन्द्र कुमार शर्मा/दौसा।** लालसोट थाना पुलिस ने अनैतिक देह व्यापार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस मामले में अनिल सैनी, राहुल कुमार, देवेन्द्र कुमार, सोनू सैनी और मनोज कुमार को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान 2 मोबाइल फोन एवं 14 हजार रुपये नकद जब्त किए गए हैं, जबकि देह व्यापार में शामिल मिली चार महिलाओं को संरक्षण में लेकर डिटेन किया गया है।
जिला पुलिस अधीक्षक पीयूष दीक्षित (आईपीएस) के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सीपा (आरपीएस) एवं वृत्ताधिकारी सुरेन्द्र सिंह (आरपीएस) के सुपरविजन में थाना प्रभारी हरलाल के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने यह कार्रवाई की।
पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि कटला कस्बा, लालसोट स्थित ड्रीम होटल में होटल संचालक और मैनेजर द्वारा लंबे समय से देह व्यापार संचालित कराया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने निगरानी रखकर होटल पर दबिश दी और मौके से पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।
प्रारंभिक जांच में सामने आया कि होटल में महिलाओं को बुलाकर ग्राहकों से अवैध रूप से देह व्यापार कराया जाता था तथा आरोपी इससे आर्थिक लाभ और कमीशन प्राप्त करते थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अनैतिक देह व्यापार (निवारण) अधिनियम सहित संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच कर रही है।

### सैथल पुलिस की बड़ी सफलताः पेट्रोल पंप से डीजल भरवाकर फरार होने वाला मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**रिवेन्द्र कुमार शर्मा/दौसा।** सैथल थाना पुलिस ने करीब 40 दिनों से फरार चल रहे पेट्रोल पंप से ईंधन भरवाकर बिना भुगतान किए फरार होने वाले मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और लगातार दबिश के आधार पर आरोपी अशोक कुमार मीणा (21) निवासी जैतपुरा, थाना मित्रपुरा, जिला सवाई माधोपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।
पुलिस के अनुसार, 22 जून 2026 की रात खुरी खुर्द स्थित रामस्वरूप सेठ फिलिंग स्टेशन पर एक सफेद स्विफ्ट कार में सवार 4-5 युवक पहुंचे और करीब 4,152.85 का पेट्रोल भरवाने के बाद बिना भुगतान किए वाहन लेकर फरार हो गए। आरोपियों ने वाहन की नंबर प्लेट से भी छेड़छाड़ कर रखी थी। मैनेजर रामकरण मीणा की रिपोर्ट पर सैथल थाने में मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी जांच के आधार पर आरोपियों की पहचान की गई। इससे पहले मामले में एक आरोपी छुट्टन हरिजन को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। गिरफ्तार आरोपी अशोक के खिलाफ पूर्व में चोरी और मारपीट सहित कई आपराधिक मामले भी दर्ज हैं। कार्रवाई पुलिस अधीक्षक पीयूष दीक्षित के निर्देशन एवं थाना प्रभारी रजत खींची के नेतृत्व में गठित टीम ने की।

### पौधे होंगे तो मानव जीवन बचेगाः बांदीकुई में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ 51 पौधों का रोपण



**चमकता राजस्थान/रविन्द्र कुमार शर्मा/दौसा।** जिले के बांदीकुई में पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से शुक्रवार को बांदीकुई स्थित गोपाल बगीची एवं सार्वजनिक स्थानों पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान फलदार एवं छायादार प्रजातियों के 51 पौधे लगाए गए। साथ ही ग्रामीणों को पौधों की सुरक्षा, देखभाल और नियमित सिंचाई की जिम्मेदारी भी सौंपी गई। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित देवनारायण शर्मा ने अशोक का पौधा लगाकर की। उन्होंने कहा कि पौधे हमें फल, ईंधन, औषधियां और शुद्ध ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। यदि पौधे सुरक्षित रहेंगे तो मानव जीवन भी सुरक्षित रहेगा। उन्होंने सभी लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त शारीरिक शिक्षक एवं समाजसेवी सुरेश कुमार शर्मा ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ और अन्य शुभ अवसरों पर पौधारोपण करना चाहिए तथा उन्हें बड़ा होने तक संरक्षण देना चाहिए। उन्होंने कहा कि पौधे न केवल पर्यावरण को शुद्ध बनाते हैं, बल्कि अच्छी वर्षा और संतुलित जलवायु बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया।

## राजस्थान तीरंदाजी के इतिहास में पहली बार फ्लडलाइट की रोशनी में होंगे मेडल मुकाबले

# सीनियर राज्य तीरंदाजी चैंपियनशिप से होगा राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए राजस्थान टीम का चयन

चमकता राजस्थान



**बीकानेर।** राजस्थान तीरंदाजी संघ के तत्वावधान में आयोजित होने वाली सीनियर राज्य तीरंदाजी चैंपियनशिप 2026 केवल राज्य स्तरीय प्रतियोगिता नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों के चयन का महत्वपूर्ण आधार भी होगी। 8 से 10 अगस्त तक रेलवे ग्राउंड, बीकानेर में आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में प्रदेशभर के श्रेष्ठ तीरंदाज अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। राजस्थान तीरंदाजी संघ के महासचिव सुरेंद्र सिंह गुर्जर ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में राजस्थान में तीरंदाजी खेल का वातावरण लगातार मजबूत हुआ है। प्रदेश के तीरंदाज राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर राजस्थान का गौरव बढ़ा रहे हैं। खिलाड़ियों की मेहनत, प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन और संघ के सतत प्रयासों का ही परिणाम है कि आज राजस्थान तीरंदाजी के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना चुका है। उन्होंने कहा कि बीकानेर ने राजस्थान में तीरंदाजी के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यहां के खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और खेल आयोजनों ने प्रदेश में तीरंदाजी को नई दिशा दी है। बीकानेर लगातार ऐसे खिलाड़ी तैयार कर रहा है, जो राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। महासचिव सुरेंद्र सिंह गुर्जर ने बताया कि सीनियर राज्य तीरंदाजी चैंपियनशिप में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर आगामी सीनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी चैंपियनशिप के लिए राजस्थान टीम का चयन किया जाएगा। इसलिए यह प्रतियोगिता खिलाड़ियों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है और प्रत्येक प्रतिभागी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए उत्साहित है। प्रतियोगिता की तैयारियों की जानकारी देते हुए राजस्थान तीरंदाजी संघ के टेक्निकल ऑफिशियल सोमेश शर्मा ने बताया कि सभी मुकाबले आर्चरी एसोसिएशन ऑफ इंडिया एवं विश्व तीरंदाजी महासंघ के निर्धारित राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय नियमों के अनुरूप आयोजित किए जाएंगे। प्रतियोगिता में निष्पक्षता, पारदर्शिता और तकनीकी गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए संघ द्वारा नियुक्त टेक्निकल ऑफिशियल्स पूरी प्रतियोगिता की निगरानी करेंगे। इस अवसर पर टेक्निकल ऑफिशियल कमेटी के सदस्य सुनील चौधरी भी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि बीकानेर पहले भी कई सफल राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं का उत्कृष्ट आयोजन कर चुका है और उन्हें विश्वास है कि इस बार भी राज्य तीरंदाजी चैंपियनशिप खिलाड़ियों और दर्शकों के लिए यादगार साबित होगी। आयोजन सचिव अनिल जोशी ने बताया कि राजस्थान के तीरंदाजी इतिहास में पहली बार राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के मेडल मुकाबले फ्लडलाइट की रोशनी में आयोजित किए जाएंगे। यह निर्णय प्रतियोगिता को और अधिक आकर्षक एवं रोमांचक बनाएगा तथा खिलाड़ियों और दर्शकों दोनों के लिए एक नया अनुभव होगा।।उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में अंतरराष्ट्रीय तीरंदाजों, राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ियों एवं प्रदेश के शीर्ष तीरंदाजों की भागीदारी रहेगी। इससे मुकाबलों का स्तर अत्यंत प्रतिस्पर्धात्मक होगा और युवा खिलाड़ियों को देश के अनुभवी खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने का अवसर मिलेगा। इस मौके पर आयोजन समिति से जुड़े मारकंडे पुरोहित की मौजूद रहे।

# आशक्ति ही दुख का मूल कारण, व्रत-नियम और संयम आत्महित का मार्ग : आचार्य विमर्श सागर

## देहरा तिजारा के 31वें चातुर्मास में चंद्र तीर्थ मंडपम् से श्रद्धालुओं को मिला अनासक्ति और आत्मकल्याण का संदेश

चमकता राजस्थान




पत्रकार कश्मीर सिंह/देहरा तिजारा। श्री चंद्रप्रभु दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र देहरा तिजारा में चल रहे 31वें चातुर्मास के अंतर्गत चंद्र तीर्थ मंडपम् में आयोजित धर्मसभा में परम पूज्य आचार्य श्री 108 विमर्श सागर जी महाराज ने व्रत, नियम, संयम और अनासक्ति के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संसारी जीवों के दुख का प्रमुख कारण आशक्ति है। आशक्ति से इच्छाओं का जन्म होता है और इच्छाओं के बढ़ने के साथ ही जीव दुख के बंधन में उलझता चला जाता है। आचार्य श्री ने कहा कि यदि आशक्ति का क्षय होने लगे तो इच्छाओं का जन्म भी धीरे-धीरे कम होता जाता है। यही कारण है कि भगवान तीर्थंकर देव ने निर्ग्रंथ मुनिराजों को अनासक्ति योगी बनने का उपदेश दिया। दिगम्बर जैन श्रमण अनासक्ति योग की साधना के माध्यम से स्वयं के आत्मकल्याण के साथ सभी जीवों को भी आशक्ति कम करने का मार्ग बताते हैं।
उन्होंने श्रद्धालुओं को प्रेरित करते हुए कहा कि व्रत लो, नियम लो और संयम लो, लेकिन सबसे पहले अपने भीतर की आशक्ति को कम करने का पुरुषार्थ करो। व्रत, नियम और संयम को आत्मा के हितकारी इसलिए माना गया है, क्योंकि इनके माध्यम से जीव धीरे-धीरे विषयों और इच्छाओं के प्रति आसक्ति से दूर होने का अभ्यास करता है।
आचार्य श्री ने कहा कि कभी-कभी कोई व्यक्ति बाहरी रूप से संतोषी दिखाई दे सकता है, लेकिन वास्तविक संतोष तभी सार्थक है, जब अंतरंग में इच्छाओं और आशक्ति का क्षय हो। आत्मकल्याण के लिए केवल बाहरी त्याग पर्याप्त नहीं है, बल्कि भीतर की आसक्ति को छोड़ने का निरंतर अभ्यास भी आवश्यक है।

### धरियावद थाना परिसर में बालिका राजकीय विद्यालय की छात्राओं ने किया शैक्षणिक भ्रमण

- **थानाधिकारी हजारी लाल मीणा ने पुलिस कार्यप्रणाली, कानून एवं साइबर सुरक्षा की दी विस्तृत जानकारी**




**चमकता राजस्थान/धरियावद।** विद्यार्थियों को पुलिस व्यवस्था एवं कानून संबंधी जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से बालिका राजकीय विद्यालय की छात्राओं ने धरियावद थाना परिसर का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान थानाधिकारी हजारी लाल मीणा एवं महिला कानि अर्चना पाटीदार कल्पना सहित ने छात्राओं का स्वागत करते हुए पुलिस की कार्यप्रणाली, आमजन की सुरक्षा में पुलिस की भूमिका, महिला सुरक्षा, साइबर अपराधों से बचाव, यातायात नियमों तथा आपातकालीन सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी। थानाधिकारी मीणा ने छात्राओं को बताया कि किसी भी प्रकार की आपात स्थिति, अपराध अथवा महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों में बिना किसी झिझक के पुलिस से संपर्क करें। उन्होंने सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग करने, ऑनलाइन ठगी से सतर्क रहने तथा कानून का पालन करने के लिए भी प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने पुलिस कार्यप्रणाली से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछे, जिनका थानाधिकारी ने सरल एवं गहनता पूर्वक उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। विद्यालय के शिक्षकों ने भी इस जानकारीपूर्ण कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी बताया।

### बिजली लाइन की चपेट में आया स्कूली छात्र



**चमकता राजस्थान/ धरियावद** उपखंड क्षेत्र में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जवाहर नगर 2 में इंटरवेल के दौरान कक्षा 10 का छात्र शांतिलाल पिता ईश्वर मीणा निवासी जवाहर नगर 2 बिजली लाइन की चपेट में आने से घायल हो गया मौके पर अफरा तफरी का माहौल हो गया इस दौरान बिजली लाइन की चपेट में घायल छात्र को शिक्षकों ने तत्काल प्रभाव से उप जिला चिकित्सालय धरियावद पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने घायल हुए छात्र का उपचार जारी है तो वहीं व स्कूली स्टॉफ ने परिजनों को सूचित किया फिलहाल घायल शांति लाल का उपचार जारी है वहीं स्कुल प्रधानाचार्य ने बताया की हमने कई बार उच्च अधिकारी को लिखित मे अवगत भी कराया जा चूका है तो वहीं बिजली विभाग को भी लिखित मे पहले भी अवगत कराया जा चूका है लेकीन बिजली विभाग की और से कोई कार्यवाही नहीं हुई और आज स्कुल के बच्चे को बिजली लाईन से करंट लगा स्कुल प्रशासन कर रहा है मांग की जल्दी झूलते तार हटाये जाये स्कुल के अंदर से आखिर शिक्षा विभाग और बिजली विभाग कब तक बच्चो की जान जोखिम होने से बचा पायेंगे ।

### सभी विपरीत विचारधारा के बीच सामंजस रखना शिव पुराण सिखाता हैः पाराशर



**चमकता राजस्थान/डीग।** जो मनुष्य शिव भक्ति में स्वयं को अर्पित कर देता है। वह जन्म मरण के बंधनों से मुक्त हो जाता है। जीवन नश्वर है। जीवन की सार्थकता तो शिव की भक्ति में ही निहित है।यह शब्द डीग शहर के ऐतिहासिक लक्ष्मण मंदिर पर 11 दिवसीय आयोजित हो रहे श्री शिव महापुराण एवं पार्थिव शिवलिंग महोत्सव के अन्तर्गत सातवें दिन शुक्रवार को व्यासपीठ पर विराजमान पूज्य भागवताचार्य पंडित मुरारी लाल पाराशर ने कहे। उन्होंने बताया कि कलयुग में शिव महापुराण की कथा ही सबसे आसान मुक्ति का साधन है, जो शिव की कथा श्रवण करता है उसके सात जन्मों के पाप भी कट जाते हैं। उन्होंने महादेव की भक्ति और उन्हें प्रसन्न करने के उपाय भी बताएं। कथा के दौरान कहा कि भक्त की भक्ति से जल्द प्रसन्न होने वाले देवताओं में शिव ही है और शिव ही कल्याण करते हैं। शिव की भक्ति कर इस संसार रूपी भवसागर को पार कर अपने जीवन को सार्थक बनाएं।
पूज्य पंडित पाराशर ने कहा कि शिव परिवार में भगवान का वाहन नंदी, मां पार्वती का शेर, गणेश जी का मूषक और कार्तिकेय का वाहन मोर है। सभी विपरीत विचारधारा के बीच सामंजस रखना शिव पुराण सिखाता है।

### आईएएस अधिकारी उप जिला कलेक्टर श्रद्धा गोमे को जार की पुस्तक भेंट की



**चमकता राजस्थान/गोपाल सिलोरिया करावन झालावाड़।** भवानी मंडी- हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने पर जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान(जार) की पुस्तक जो जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी (जेएनयू) के स्कूल ऑफ मीडिया स्टडीज जयपुर के सहयोग से प्रकाशित की गई उसे शुक्रवार को आईएएस अधिकारी श्रद्धा गोमे उप जिला कलेक्टर को जार पदाधिकारियों द्वारा भेंट की गई। इस दौरान श्रद्धा गोमे को इस पुस्तक व जार संगठन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। आईएएस अधिकारी ने कहा कि मैं इस पुस्तक का अवश्य ही अध्ययन करूंगी। इस दौरान उन्होंने इसके लिए जार टीम को बधाई दी। इस अवसर पर जार प्रदेश संगठन महामंत्री भवँर सिंह कछवाहा, जिला महासचिव दिलीप कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष संस्कृती जैन, सचिव वसीम अकरम, कार्यालय सचिव किशोर तँवर डायरेक्टर, सदस्य ओम सोनी व टोंक जार जिला पदाधिकारी सुभाष सोदा आदि मौजूद थे।

# वर्षा ऋतु में पशुधन बचाव और उन्नत बकरी पालन पर प्रशिक्षण आयोजित

चमकता राजस्थान




**रामसिंह मीणा, रघुनाथपुरा।** बड़ीसादड़ी राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर के प्रसार निदेशालय के अंतर्गत संचालित पशु विज्ञान केंद्र, बोजून्दा द्वारा को सूरज पोल गांव में पशुपालकों के लिए एक दिवसीय गैर संस्थागत प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया
प्रशिक्षण का मुख्य विषय वर्षा ऋतु में पशुधन का बचाव व उपचार एवं उन्नत बकरी पालनः रखा गया। वर्षा ऋतु में पशुओं में फैलने वाली बीमारियों से बचाव और बकरी पालन को लाभकारी व्यवसाय बनाने के उद्देश्य से यह प्रशिक्षण आयोजित किया गया।
केंद्र के प्रभारी अधिकारी डॉ. मुकेश चन्द्र शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया गया है कि पशुपालकों को संबोधित करते हुए बताया कि बरसात के मौसम में पशुओं में गलाघोंटू, लंगड़ी, पेट के कीड़े और त्वचा रोगों का प्रकोप बढ़ जाता है। इनसे बचाव के लिए समय से पहले टीकाकरण करवाना अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पशुशाला को हमेशा सूखा और साफ-सुथरा रखना चाहिए। फर्श पर नमी नहीं रहने दें और नियमित रूप से चूने का छिड़काव करें। इससे बैक्टीरिया और फफूंद का असर कम होता है।
डॉ. शर्मा ने आगे बताया कि वर्षा ऋतु में पशुशाला में चीचड़ जूं और मक्खी-मच्छर बढ़ जाते हैं। इनके नियंत्रण के लिए उचित दवाओं का छिड़काव और साफ-सफाई जरूरी है। आंतरिक परजीवियों से बचाव के लिए प्रत्येक 3-4 महीने में पशुओं को कृमि नाशक दवा अवश्य पिलाएं। स्वच्छ पेयजल और हरा-सूखा चारा संतुलित मात्रा में देने से पशुओं की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है

- **उन्नत बकरी पालन पर जोर**

उन्होंने उन्नत बकरी पालन की जानकारी देते हुए कहा कि बकरी पालन कम लागत में अधिक मुनाफा देने वाला व्यवसाय है। अच्छी नस्ल का चयन, समय पर टीकाकरण, संतुलित आहार और साफ-सफाई से बकरियों में मृत्यु दर कम की जा सकती है। सरकार द्वारा बकरी पालन के लिए अनुदान और विभिन्न परियोजनाएं भी चलाई जा रही हैं, जिसका लाभ पशुपालक उठा सकते हैं

## संक्षिप्त समाचार

### एसएफआई शहर कमेटी का गठन, अर्जुन राणा अध्यक्ष व सानिया महासचिव निर्वाचित



**चमकता राजस्थान/ अनिल सैन/ फलोदी।** स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) की शहर स्तरीय बैठक अंबेडकर उद्यान में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसएफआई जिला अध्यक्ष गोपाल शेखासर ने की। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में देश की शिक्षा व्यवस्था गंभीर चुनौतियों का सामना कर रही है। नई शिक्षा नीति और सेमेस्टर प्रणाली के कारण विद्यार्थियों पर लगातार परीक्षाओं का दबाव बढ़ गया है। उन्होंने बताया कि लगभग एक माह पहले प्रथम, तृतीय और पंचम सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम जारी हुए थे, जबकि करीब 20 दिन बाद ही द्वितीय, चतुर्थ और षष्ठम सेमेस्टर की परीक्षाएं शुरू कर दी गईं। उन्होंने आरोप लगाया कि विद्यार्थियों की नियमित कक्षाएं शुरू किए बिना ही परीक्षाएं आयोजित की जा रही हैं, जिससे पढ़ाई प्रभावित हो रही है। साथ ही विश्वविद्यालय पर सेमेस्टर प्रणाली और परीक्षा शुल्क के माध्यम से विद्यार्थियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालने का आरोप लगाया। उन्होंने लंबे समय से छात्रसंघ चुनाव नहीं करवाए जाने को विद्यार्थियों के लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताया।

बैठक में सर्वसम्मति से 11 सदस्यीय एसएफआई शहर कमेटी का गठन किया गया। इसमें अर्जुन राणा को अध्यक्ष, निखिल जावड़ा को उपाध्यक्ष, सानिया को महासचिव, मनीष को संयुक्त सचिव तथा जयपाल, जगदीश, मुकेश, शोभा प्रजापत, नीतू सिंह, अमन और सचिन भाटिया को सदस्य चुना गया।

बैठक में लालाराम कटारिया, लोकेश गर्ग, कविता सिसोदिया, रिंकू परिहार, मनीषा, पूजा, हरखू, नीलम राठौड़, सुखी पंवार, कृष्णा सुंथार, हर्ष सेन, रामजीवन, सुनील भील, रामचंद्र, मोहित बारूपाल सहित अनेक एसएफआई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### रेल्वे गोदाम से सरकारी गेहूं की हेराफेरी में नया मोड़ः चोरी के बाद फर्जी अधिकारी बनकर ड्राइवर को धमकाने का प्रयास

**चमकता राजस्थान/बारां।** रेल्वे गोदाम से सरकारी गेहूं की खेप में चोरी और अनियमितताओं का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। गेहूं में हेराफेरी के इस खेल में अब एक और नया फर्जीवाड़ा सामने आया है, जहां माल कम मिलने पर आवाज उठाने वाले ड्राइवर को दबाने के लिए फर्जी अधिकारी बनकर धमकाने की कोशिश की गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, रेल्वे गोदाम से लोड किए गए गेहूं के बोरों में वजन कम होने पर जब ट्रक ड्राइवर ने इसकी शिकायत दर्ज कराई, तो मामले को दबाने की नीयत से एक व्यक्ति फर्जी अधिकारी बनकर मौके पर पहुंचा और ड्राइवर को डराने-धमकाने का प्रयास किया।

हालांकि, घटना की सूचना मिलते ही ठेकेदार की शिकायत पर असली जिला रसद अधिकारी (ऊड) टीम के साथ मौके पर पहुंचे। गोदाम परिसर में जारी इस ₹चोरी और सीनाजोरी₹ के रवैये से नाराज होकर ठेकेदार और ड्राइवरों ने गोदाम से सरकारी गेहूं का उठाव करने से साफ इनकार कर दिया। सरकारी राशन के इस गेहूं में जारी धांधली और फर्जीवाड़े के सामने आने के बाद स्थानीय प्रशासन और रसद विभाग की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। फिलहाल मौके पर पहुंचे विभागीय अधिकारियों द्वारा मामले की निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया जा रहा है।

### जे एस जी संगिनी भीलवाड़ा स्पार्क की सामान्य सभा संपन्न



**चमकता राजस्थान/महेश कुमार बिड़ला/मीडिया प्रभारी मांडल भीलवाड़ा।** जे एस जी संगिनी भीलवाड़ा स्पार्क की सामान्य सभा उत्साहपूर्वक संपन्न हुई। बैठक में सचिव रविता जैन ने

आगामी वर्ष के सेवा, कार्य सामाजिक, सांस्कृतिक एवं महिला सशक्तिकरण से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा पर प्रकाश डाला सदन में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। अध्यक्ष दीपा सिसोदिया ने सबका स्वागत किया। सभा में सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए अपने सुझाव एवं विचार प्रस्तुत किए। संस्था ने वर्षभर समाजहित एवं सेवा कार्यों को प्रभावी रूप से संचालित करने तथा अधिक से अधिक महिलाओं को संगठन से जोड़ने का संकल्प लिया।

अंत में सभी सदस्यों ने संगठन को नई ऊँचाइयों तक ले जाने तथा टीम भावना के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। बैठक का समापन सकारात्मक ऊर्जा, उत्साह एवं संगठन के उज्वल भविष्य की मंगलकामनाओं के साथ हुआ। मीटिंग में उपस्थित

सह मंत्री सुमन दुग्गड़ सुमन हिंगड़ ,आयुषी सूर्यया, संगीता जैन, रितिका पाटनी, प्रियंका कोठारी सपना जैन, मोनिका जैन, रुचिका जैन, कनिका जैन, नेहा जैन, प्रियंका जैन, खुशबू चपलोत, रानू चौधरी, डिम्पल कोठारी, रीना मैडतवाल, भावना, गोखरू, दिव्या बाबेल, सोनिया लोढ़ा, ऋषिता सिसोदिया, ऋशु सुराणा

# उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने बांदीकुई को दी 5.64 करोड़ की विकास सौगात

## रोडवेज बस स्टैंड, स्वास्थ्य केंद्रों व कंप्यूटर लैब का लोकार्पण-शिलान्यास, बिवाई-खाटूश्यामजी बस सेवा शुरू, 1000 मीटर तिरंगा रैली बनी आकर्षण

चमकता राजस्थान

**रिवेन्द्र कुमार शर्मा/दौसा।** उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने शुक्रवार को बांदीकुई विधानसभा क्षेत्र के दौरे के दौरान करीब 5.64 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण कर क्षेत्रवासियों को बड़ी सौगात दी। उन्होंने बिवाई-खाटूश्यामजी रोडवेज बस सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।




उप मुख्यमंत्री ने 1 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले बांदीकुई रोडवेज बस स्टैंड का शिलान्यास किया। इसके अलावा कोलाना आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी, टीकावाली ढाणी व नांगल झामरवाड़ा उप स्वास्थ्य केंद्र, गुढ़लिया सीएचसी की बीपीएचयू लैब तथा सुधासनपाड़ा, चौबड़ीवाला और बगथल की कोठी स्थित उप स्वास्थ्य केंद्रों का लोकार्पण किया। वहीं भेदाड़ी गुजरान एवं सवड़ावली में नए उप स्वास्थ्य केंद्रों के निर्माण कार्यों की आधारशिला भी रखी।

न्यू बस स्टैंड पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए डॉ. बैरवा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश के सर्वांगीण विकास, युवाओं को रोजगार, किसानों, महिलाओं एवं मजदूरों के कल्याण के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने युवाओं से रोजगार के अवसरों का लाभ उठाने तथा आमजन से 'हर घर तिरंगा' अभियान में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।

# अस्पताल का रंग बदला, व्यवस्था नहीं!

## नाहटा अस्पताल में कथित दलालों के नेटवर्क की शिकायतें, मरीज परेशान

चमकता राजस्थान

**बालोतरा।** राजकीय जिला नाहटा अस्पताल की इमारत का रंग-रोगन भले ही बदल गया हो, लेकिन अस्पताल की व्यवस्थाओं को लेकर मरीजों और परिजनों की परेशानियां कम होती नजर नहीं आ रही हैं। अस्पताल परिसर में कथित बिचौलियों के सक्रिय होने और मरीजों को निजी जांच केंद्रों तक ले जाने की शिकायतें सामने आ रही हैं। यदि शिकायतें सही पाई जाती हैं तो यह सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं।

» मरीज से पहले संपर्क करता है कथित 'लपका'




शिकायतकर्ताओं के अनुसार, अस्पताल पहुंचने वाले कुछ मरीजों से कथित बिचौलिए संपर्क करते हैं। आरोप है कि ये लोग ओपीडी पर्ची बनवाने से लेकर डॉक्टर तक पहुंचाने और जांच की प्रक्रिया में मदद के नाम पर मरीजों के साथ बने रहते हैं। ग्रामीण और दूरदराज से आने वाले मरीज, जिन्हें अस्पताल की व्यवस्थाओं की पूरी जानकारी नहीं होती, कथित तौर पर आसानी से इनके संपर्क में आ जाते हैं।

» सरकारी जांच सुविधा के बजाय निजी लैब का रास्ता?

सबसे गंभीर आरोप जांच को लेकर सामने आ रहे हैं। शिकायतों में दावा किया जा रहा है कि डॉक्टर द्वारा जांच लिखे जाने के बाद कुछ मरीजों को अस्पताल की सरकारी जांच सुविधाओं की जानकारी देने के बजाय निजी लैब या सोनोग्राफी सेंटरों की ओर भेजा जाता है। इससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों पर अतिरिक्त खर्च का बोझ पड़ने की बात कही जा रही है।

» गरीब मरीजों पर आर्थिक बोझ

सरकारी अस्पतालों का उद्देश्य आमजन को कम खर्च में बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाना है। ऐसे में यदि कोई व्यक्ति सरकारी व्यवस्था के बावजूद निजी जांच केंद्रों पर जाने को मजबूर होता है, तो यह व्यवस्था की निगरानी पर सवाल खड़ा करता है। खासकर गरीब और ग्रामीण मरीजों के लिए जांच का अतिरिक्त खर्च बड़ी परेशानी बन सकता है।

### नगरपालिका में चुनाव के लिए रानी में सर्वदलीय बैठक



**चमकता राजस्थान/भरत कुमार गांधी/रानी।** नगरपालिका आम चुनावों को लेकर उपखंड अधिकारी शिवा जोशी के सानिध्य में रानी नगरपालिका सभा भवन में जन प्रतिनिधियों , सामाजिक कार्यकर्ता एवं राजनैतिक पार्टियों के पदाधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। शिवा जोशी ने पालिका की निर्वाचक नामावली, आदर्श आचार संहिता पर कहा कि आगामी दिनों में नगरपालिका चुनाव प्रस्तावित है, जिसको लेकर कभी भी आदर्श आचार सहिता लागू हो सकती है। उन्होंने वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने व हटाने के लिए नियमों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसी भी मतदाता का नाम दो जगह दर्ज है तो एक जगह से नाम हटाने के लिए वैध सबूत प्रस्तुत करने होंगे । नाम जोड़ने के लिए आधार कार्ड व राशन कार्ड होना आवशयक है । उपखंड अधिकारी ने सभी राजनैतिक दलों से शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न करवाने की अपील की । उन्होंने आज की बैठक आहूत करवाने के लिए बताया कि लोगों में लोकतंत्र व विश्वास बना रहे। भाजपा मंडल अध्यक्ष हरीश गहलोत ने नाम हटाने के लिए किन किन दस्तावेजों की आवशयक्ता होती है इसकी जानकारी चाही। पूर्व प्रतिपक्ष नेता इलियास चढ़वाह ने मांग की , की वार्ड 12 का बूथ कन्या कॉलेज में लगाया जाय , क्यों की 12 नंबर वार्ड के मतदाता कन्या कॉलेज के नजदीक रहते हैं। वीरेंद्र कच्छवाह ने बताया कि पिछले दो चुनाव में बाहरी मतदाताओं के नाम अंतिम वक्त में जुड़े थे जिनका रानी से कोई वास्ता नहीं था । ऐसे नामों को ढूंढ कर हटाया जाय । इस बार पर अधिशासी अधिकारी मगाराम चौधरी, हरीश गहलोत , डालचंद चौहान, जयंतीलाल वैष्णव, सुनील बैरवा , मोहम्मद इलियास चढ़वाह, छोटूसिंह राजपुरोहित, बशीरुद्दीन चढ़वाह, विरेन्द्रसिंह कच्छवाह, इंदरसिंह राजपुरोहित, कपूराराम प्रजापत, जोधाराम कुमावत , दीपाराम गर्ग , चुनाव कार्यालय से फतेह चंद चितारा, भवानीसिंह आलावास, राकेश कुमार उपस्थित थे।

### मानपुर थाना पुलिस को मिली बड़ी सफलताः SBI एटीएम लूट के प्रयास का पर्दाफाश, एक आरोपी गिरफ्तार

**चमकता राजस्थान/रिवेन्द्र कुमार शर्मा/दौसा।** मानपुर थाना पुलिस ने करीब 25 दिन पहले सिकराय स्थित एसबीआई बैंक के एटीएम को तोड़कर लूटने के प्रयास की सनसनीखेज वारदात का पर्दाफाश करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त काले रंग की स्विफ्ट कार भी बरामद कर ली है, जबकि दो अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।




जिला पुलिस अधीक्षक पीयूष दीक्षित (IPS) के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शंकर लाल (RPS) एवं वृत्ताधिकारी धर्मराज चौधरी (RPS) के सुपरविजन में थानाधिकारी सतीश कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की मदद से आरोपी सोहन सिंह उर्फ सोनू मीना (18) निवासी डाबर ढाणी, घूमना, थाना मानपुर को गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार 12-13 जुलाई 2026 की रात करीब 1:31 बजे बदमाशों ने सिकराय स्थित एसबीआई एटीएम का शटर तोड़कर लोहे की रॉड से मशीन को तोड़ने का प्रयास किया था, लेकिन मशीन नहीं टूटने पर आरोपी फरार हो गए थे। मामले में थाना मानपुर में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।

जांच के दौरान पुलिस ने घटनास्थल, रास्तों और टोल प्लाजा के सीसीटीवी फुटेज खंगालकर बिना नंबर की स्विफ्ट कार की पहचान की। लगातार निगरानी और तकनीकी जांच के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर वारदात में प्रयुक्त स्विफ्ट कार (फ़ख-29 उउ-3943) जब्त कर ली गई।

पुलिस अब फरार आरोपियों लोकेश मीना और देशराज उर्फ अंकुश की तलाश में लगातार दबिश दे रही है। इस कार्रवाई में एएसआई कमल कुमार सहित मानपुर थाना एवं वृत्त कार्यालय की टीम की विशेष भूमिका रही।

### एसीबीईओ माली ने सरथूर, उंदरथल व बडौद विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश



**चमकता राजस्थान/ब्यूरो चीफ जेके बावल।** रानी/पाली , अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी प्रथम देसूरी विजय सिंह माली ने शुक्रवार को सरथूर, उंदरथल एवं बडौद के राजकीय विद्यालयों का औचक निरीक्षण कर शैक्षणिक एवं सहशैक्षणिक गतिविधियों का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी बडौद संदीप देवल ने बताया कि माली सुबह 7.30 बजे राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सरथूर पहुंचे। यहां सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित मिले। उन्होंने प्रार्थना सभा में मिशन मानस की गतिविधियों का अवलोकन किया और विद्यार्थियों की सहभागिता की सराहना की। इस दौरान माली ने महान साहित्यकार रविंद्रनाथ टैगोर के जीवन एवं साहित्य पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को उनकी रचनाओं का अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया।

इसके बाद उन्होंने संस्था प्रधान मुरारी लाल मीना से प्रवेशोत्सव, मिशन मानस, हरियालो राजस्थान, मध्यान्ह भोजन, दूध वितरण, लाडो योजना, नवोदय प्रवेश परीक्षा आवेदन, आधार-जन आधार प्रमाणीकरण, पठन अभियान एवं पुस्तकालय के प्रभावी संचालन की जानकारी ली। कक्षाओं का निरीक्षण कर विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर को परखा तथा कार्यपुस्तिकाओं और गृहकार्य की जांच की। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित रूप से विद्यालय आने और मन लगाकर अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही स्वतंत्रता दिवस के पूर्वाभ्यास का जायजा लेकर विक्रम सिंह राजावत से जानकारी ली।

इस दौरान सवाराम देवासी, धर्मवीर सिंह, शंकरलाल मीना, मनीष गर्ग, राजेंद्र विश्नोई सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### ग्रामीण फॉलोअप सेवा शिविर में संभागीय आयुक्त ने लिया योजनाओं का फीडबैक



**चमकता राजस्थान/बालोतरा।** राजस्थान सरकार के जनकल्याण शिविर अभियान के तहत शुक्रवार को ग्राम पंचायत भलरों का बाड़ा में ग्रामीण फॉलोअप सेवा शिविर आयोजित किया गया। शिविर का निरीक्षण जोधपुर संभागीय आयुक्त कन्हैयालाल स्वामी ने किया। उन्होंने विभिन्न विभागों की ओर से किए जा रहे कार्यों की विभागवार समीक्षा करते हुए ग्रामीणों से संवाद किया और योजनाओं की प्रगति का फीडबैक लिया।

संभागीय आयुक्त ने ग्रामीणों की समस्याएं एवं सुझाव सुनते हुए अधिकारियों को प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र लोगों तक पहुंचना चाहिए।

शिविर में पंचायती राज विभाग की ओर से चार पट्टे जारी किए गए। वहीं एक पात्र व्यक्ति की सामाजिक सुरक्षा पेंशन मौके पर ही स्वीकृत की गई। मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत पांच पशुपालकों को बीमा पॉलिसियां प्रदान की गईं। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत चार पात्र परिवारों को व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के लिए प्रोत्साहन राशि की स्वीकृतियां भी जारी हुईं।

इस दौरान पुनी देवी पत्नी खीमाराम मेघवाल को पुश्तैनी मकान का मालिकाना हक पट्टे के रूप में सौंपा गया। वहीं ममता देवी पत्नी राजूराम मेघवाल को शौचालय निर्माण के बाद प्रोत्साहन राशि भुगतान की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई।

शिविर में एसडीएम सिवाना सुरेंद्र सिंह खंगारोत, तहसीलदार समदड़ी टीलसिंह महेचा, विकास अधिकारी करनाराम पटेल, नायब तहसीलदार नारायणराम देवासी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। अधिकारियों ने मौके पर ही विभिन्न प्रकरणों का निस्तारण कर ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी।

# स्टॉप सेंटर, पालना गृह, राजकीय सम्प्रेषण गृह एवं जिला कारागार का सचिव डीएलएसए ने किया औचक निरीक्षण

चमकता राजस्थान

**मोहम्मद रफीक नागौर।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मेड़ता की अध्यक्ष तारा अग्रवाल, जिला एवं सेशन न्यायाधीश के मार्गदर्शन में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मेड़ता संजय कुमार मालवीया (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) ने नागौर स्थित वन स्टॉप सेंटर, पुराना अस्पताल परिसर स्थित पालना गृह, राजकीय सम्प्रेषण गृह एवं जिला कारागार का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

सर्वप्रथम मालवीया ने नागौर स्थित वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध सुविधाओं, अभिलेखों एवं पीड़ित महिलाओं को प्रदान की जा रही सेवाओं की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके पश्चात उन्होंने पुराना अस्पताल परिसर स्थित पालना गृह का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।




तत्पश्चात सचिव मालवीया ने राजकीय सम्प्रेषण गृह का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विधि से संघर्षरत एवं गृह में आवासित बालकों से संवाद कर उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य, भोजन एवं अन्य सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की तथा बालकों के हितों की सुरक्षा एवं समुचित देखभाल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

सचिव मालवीया ने जिला कारागार, नागौर का निरीक्षण किया। उन्होंने ₹मुलाकात से न्याय तक₹ लीगल हेल्प डेस्क एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) कक्ष का अवलोकन किया तथा बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही निःशुल्क विधिक सहायता की जानकारी ली। साथ ही बंदियों से संवाद कर उनके प्रकरणों की जानकारी प्राप्त की और उन्हें उनके विधिक अधिकारों एवं उपलब्ध कानूनी सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्रदान की। निरीक्षण के दौरान कारागार की साफ-सफाई, पेयजल एवं भोजन व्यवस्था का भी जायजा लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## संक्षिप्त समाचार

### आरयूआईडीपी फेज-5 के कार्यों पर संवाद कार्यक्रम सम्पन्न

- जोबनेर में 2.06 करोड़ रुपये के विकास कार्य प्रस्तावित, जनप्रतिनिधियों एवं हितधारकों ने दिए महत्वपूर्ण सुझाव




**चमकता राजस्थान/जयपुर! (खलील कुरैशी)।** राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना (आरयूआईडीपी) के पांचवें चरण के तहत जोबनेर नगर में प्रस्तावित करीब 2.06 करोड़ रुपये के विकास कार्यों को लेकर अंबेडकर भवन में संवाद एवं परामर्श कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपखण्ड अधिकारी नेहा राठी ने की।कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, पूर्व पार्षदों, प्रबुद्धजनों, विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं अन्य हितधारकों ने सहभागिता की। आरयूआईडीपी अधिकारियों ने प्रस्तावित विकास कार्यों का विस्तृत प्रस्तुतीकरण देते हुए ड्रेनेज एवं बाढ़ प्रबंधन, कमांड एवं कंट्रोल सेंटर, पर्यटन विकास तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित कार्यों की जानकारी साझा की।

उपखण्ड अधिकारी नेहा राठी ने कहा कि विकास परियोजनाओं को स्थानीय जरूरतों के अनुरूप प्रभावी बनाने के लिए जनसुझावों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने कार्यों के दौरान नागरिकों को न्यूनतम असुविधा सुनिश्चित करने तथा नगर पालिका, आरयूआईडीपी एवं संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय पर जोर दिया आरयूआईडीपी के सहायक अभियंता रियाज अहमद ने तकनीकी जानकारी देते हुए बताया कि संवाद के दौरान प्राप्त उपयोगी सुझावों को परियोजना में शामिल करने का प्रयास किया जाएगा।परियोजना समन्वयक गौरव गुप्ता ने कार्यों की प्रगति एवं आगामी कार्ययोजना से अवगत कराया।कार्यक्रम में नगर पालिका आयुक्त हिमांशु सिंह सहित जनप्रतिनिधि, पूर्व पार्षद, प्रबुद्धजन एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहेसमापन पर उपखण्ड अधिकारी नेहा राठी ने कहा कि जनसहभागिता, सुझाव एवं विभागीय समन्वय विकास योजनाओं की सफलता की महत्वपूर्ण आधारशिला हैं।

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में 9 अगस्त को निकलेगी राज्यस्तरीय तिरंगा रैली

- अल्बर्ट हॉल से बड़ी चौपड़ तक होगा तिरंगा मार्च
- जिला कलक्टर ने तैयारियों की समीक्षा कर दिए आवश्यक निर्देश



**चमकता राजस्थान/जयपुर। (खलील कुरैशी) 7 अगस्त।** 'हर घर तिरंगा' अभियान-2026 के तहत 9 अगस्त को जयपुर में राज्यस्तरीय तिरंगा रैली आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में आयोजित होने वाली यह रैली प्रातः 9.30 बजे अल्बर्ट हॉल से रवाना होकर चौड़ा रास्ता, त्रिपोलिया गेट होते हुए बड़ी चौपड़ पहुंचेगी। रैली की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को अल्बर्ट हॉल म्यूजियम में जिला कलक्टर संदेश नायक की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिला कलक्टर ने अधिकारियों को रैली में अधिकतम जनसहभागिता सुनिश्चित करने तथा आयोजन को गरिमा, अनुशासन और राष्ट्रभक्ति के उत्साह के साथ संपन्न कराने के निर्देश दिए।उन्होंने संबंधित विभागों को रैली मार्ग की व्यवस्थाओं, सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, पेयजल, चिकित्सा सहायता सहित आवश्यक सुविधाएं समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करते हुए आयोजन को सफल बनाने पर जोर दिया। बैठक में पुलिस, नगर निगम, जयपुर विकास प्राधिकरण, जिला परिषद, शिक्षा, परिवहन, पर्यटन, खेल, चिकित्सा, महिला एवं बाल विकास तथा सूचना एवं जनसंपर्क विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।राष्ट्रभक्ति के संदेश के साथ जनभागीदारी पर जोर राज्यस्तरीय तिरंगा रैली के माध्यम से 'हर घर तिरंगा' अभियान को व्यापक जनआंदोलन का स्वरूप देने तथा नागरिकों में राष्ट्रप्रेम, एकता और राष्ट्रीय गौरव की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया जाएगा।

इंदौर में आयोजित हुई पश्चिमी क्षेत्रीय पुलिस समन्वय समिति की 13वीं बैठक

# अंतरराज्यीय समन्वय से अपराध पर लगेगा प्रभावी अंकुश : डीजीपी राजीव कुमार शर्मा

## साइबर अपराध, नारकोटिक्स, गुमशुदा बच्चों की तलाश और तकनीक आधारित पुलिसिंग पर मंथन

चमकता राजस्थान

**जयपुर। (खलील कुरैशी) 7 अगस्त।** मध्यप्रदेश के इंदौर स्थित ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में शुक्रवार को आयोजित 13वीं वेस्टर्न रीजनल पुलिस कोऑर्डिनेशन कमेटी की बैठक में राजस्थान के महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा ने सहभागिता करते हुए अंतरराज्यीय अपराध नियंत्रण एवं पुलिस समन्वय को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया। बैठक में बदलते अपराधों की चुनौतियों से निपटने के लिए राज्यों के बीच त्वरित सूचना साझा करने, संयुक्त रणनीति बनाने और आधुनिक तकनीक के प्रभावी उपयोग पर व्यापक मंथन हुआ।







### ● साइबर अपराध और नारकोटिक्स नियंत्रण पर विशेष जोर

बैठक में मध्यप्रदेश के डीजीपी कैलाश मकवाना, गोवा के डीजीपी आलोक कुमार सहित विभिन्न राज्यों के एडीजी, आईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने ऑफलाइन एवं ऑनलाइन सहभागिता की। इस दौरान अंतरराज्यीय अपराध, संगठित अपराध, साइबर अपराध, नारकोटिक्स तस्करी, गुमशुदा बच्चों की तलाश, बड़े धार्मिक आयोजनों की सुरक्षा, आपराधिक न्याय प्रणाली में डिजिटल तकनीक तथा तकनीक आधारित पुलिसिंग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रस्तुतियां एवं विस्तृत चर्चा हुई। अधिकारियों ने साइबर अपराध के नेटवर्क एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर को ध्वस्त करने, मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण तथा अंतरराज्यीय अपराधियों के विरुद्ध समन्वित कार्रवाई के लिए साझा प्रयासों को मजबूत करने पर बल दिया।

### ● डीजीपी राजीव कुमार शर्मा के निर्देशन में राजस्थान पुलिस के नवाचारों और अनुभवों को साझा किया

डीजीपी राजीव कुमार शर्मा के निर्देशन में राजस्थान पुलिस द्वारा साइबर अपराध नियंत्रण, तकनीक आधारित पुलिसिंग, कानून-व्यवस्था प्रबंधन, अपराध नियंत्रण एवं अंतरराज्यीय समन्वय के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों और प्रभावी प्रयासों की जानकारी बैठक में साझा की गई।डीजीपी शर्मा ने कहा कि नवीन आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ राज्यों के बीच निरंतर समन्वय, अनुभवों का आदान-प्रदान और आधुनिक तकनीक का अधिकतम उपयोग वर्तमान एवं भविष्य की अपराध संबंधी चुनौतियों से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने अंतरराज्यीय अपराधों की प्रकृति को देखते हुए पुलिस बलों के बीच बेहतर तालमेल और त्वरित सूचना तंत्र को और मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया।

### ● साझा कार्ययोजना से मजबूत होगा पुलिस सहयोग

बैठक के समापन सत्र में पश्चिमी क्षेत्र में पुलिस सहयोग को और प्रभावी बनाने, अंतरराज्यीय अभियानों में बेहतर तालमेल, सूचनाओं के त्वरित आदान-प्रदान तथा अपराध नियंत्रण के लिए साझा एवं तकनीक आधारित कार्ययोजना विकसित करने पर मंथन किया गया। आगामी समन्वय बैठक से संबंधित विषयों पर भी विचार-विमर्श हुआ।

### ● खुफिया सूचनाओं के त्वरित आदान-प्रदान पर जोर

बैठक में संगठित एवं साइबर अपराध के विरुद्ध समन्वित कार्रवाई, खुफिया सूचनाओं के त्वरित आदान-प्रदान, तकनीकी संसाधनों के अधिकतम उपयोग तथा राज्यों के पुलिस बलों के बीच सहयोग को मजबूत करने पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।विभिन्न राज्यों में अपनाई जा रही श्रेष्ठ पुलिसिंग कार्यप्रणालियों और नवाचारों को साझा करते हुए उन्हें आवश्यकता के अनुसार अन्य राज्यों में लागू करने पर भी सहमति बनी।

### ● राजस्थान पुलिस की ओर से वरिष्ठ अधिकारियों की सहभागिता

राजस्थान पुलिस की ओर से डीजीपी राजीव कुमार शर्मा के साथ अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (कानून एवं व्यवस्था) वी.के. सिंह, पुलिस महानिरीक्षक के.बी. वंदना तथा चित्तौड़गढ़ पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने बैठक में सहभागिता की और विभिन्न विषयों पर अपने अनुभव एवं सुझाव प्रस्तुत किए।

प्रतापगढ़ पुलिस की ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत बड़ी कार्रवाई:

## कुख्यात हिस्ट्रीशीटर के अवैध फार्म हाउस पर चला बुलडोजर: सरकारी चारागाह भूमि पर किया था कब्जा

### राजस्थान, हरियाणा और मध्यप्रदेश में दर्ज हैं 16 से अधिक गंभीर आपराधिक मामले

चमकता राजस्थान

जयपुर/प्रतापगढ़( खलील कुरैशी)7 अगस्त। (खलील कुरैशी) राजस्थान पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा के निर्देश पर चलाए जा रहे ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत प्रतापगढ़ पुलिस ने कुख्यात अपराधियों की अवैध संपत्तियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। अरनोद थाना क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर लालसिंह पुत्र रूपसिंह राजपूत निवासी रीछा द्वारा सरकारी चारागाह भूमि पर बनाए गए अवैध पक्के फार्म हाउस को जिला प्रशासन एवं पुलिस की मौजूदगी में ध्वस्त कर दिया गया।पुलिस अधीक्षक विशाल जांगिड़ ने बताया कि अपराधियों के अवैध कब्जों और गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए अभियान जारी है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयदेव सियाग एवं पुलिस उपाधीक्षक अरनोद चंद्रोखर पालीवाल के निर्देशन में थानाधिकारी शिवलाल मीणा के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया।



### ● तीन राज्यों में 16 से अधिक मामले दर्ज

पुलिस के अनुसार लालसिंह के खिलाफ राजस्थान, हरियाणा और मध्यप्रदेश में 16 से अधिक आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। इनमें जानलेवा हमला, मारपीट, मादक पदार्थ तस्करी, अवैध हथियार, एससी/एसटी एक्ट एवं राजकार्य में बाधा जैसे गंभीर अपराध शामिल हैं। वह हाल ही में मादक पदार्थ तस्करी के मामले में मंदसौर जेल से जमानत पर बाहर आया था।जांच में सामने आया कि आरोपी ने नौगावां-पडुनी मुख्य मार्ग पर रीछा गांव की सरकारी चरागाह (चरनोट) भूमि पर अवैध रूप से फार्म हाउस बना रखा था। पुलिस के पत्राचार के बाद तहसीलदार अरनोद ने अतिक्रमण हटाने के आदेश जारी किए।

पुलिस जाप्ते की मौजूदगी में ध्वस्तीकरण 7 अगस्त को तहसीलदार अरनोद की मौजूदगी में पुलिस एवं प्रशासनिक टीम ने अवैध फार्म हाउस को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई में अरनोद सहित कोटड़ी, सालमगढ़, धमोतर, हथुनिया, रंठाजना एवं महिला थाना प्रतापगढ़ का पुलिस जाप्ता मौजूद रहा।एसपी जांगिड़ ने कहा कि गंभीर अपराधियों और मादक पदार्थ तस्करों की अवैध संपत्तियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कुर्की एवं ध्वस्तीकरण की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगीऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत अपराध और अपराध से जुड़ी अवैध संपत्तियों पर पुलिस की कार्रवाई को और तेज किया जाएगा।

कैबिनेट के बड़े फैसले:

## 'वन स्टेट-वन इलेक्शन' का रास्ता साफ: ओबीसी आरक्षण को मंजूरी

- सरकार ने आगामी पंचायतीराज संस्थाओं और नगरीय निकायों के चुनाव 'वन स्टेट-वन इलेक्शन' की अवधारणा के तहत कराने का निर्णय
- कृषि-फूड प्रोसेसिंग नीति लागू, श्रमिकों के लिए 48 घंटे साप्ताहिक कार्य सीमा;
- हरित क्षेत्र और अक्षय ऊर्जा को मिलेगा बढ़ावा




**चमकता राजस्थान/जयपुर। (खलील कुरैशी) 7 अगस्त।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में हुई मंत्रिमंडल एवं मंत्रिपरिषद की बैठक में प्रदेश के विकास, ग्रामीण अर्थव्यवस्था, श्रम, पर्यावरण, ऊर्जा और प्रशासन से जुड़े कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए।

सरकार ने आगामी पंचायतीराज संस्थाओं और नगरीय निकायों के चुनाव 'वन स्टेट-वन इलेक्शन' की अवधारणा के तहत कराने का निर्णय लिया है। डइउ राजनीतिक प्रतिनिधित्व आयोग की सिफारिशों को मंजूरी मिलने के बाद अब पंचायतीराज एवं नगरीय निकायों में डइउ आरक्षण के प्रावधान लागू करने तथा आरक्षित सीटों की लॉटरी प्रक्रिया शुरू करने का रास्ता साफ हो गया है।

### ● कृषि एवं फूड प्रोसेसिंग को बढ़ावा

कैबिनेट ने राजस्थान कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण नीति-2026 और राजस्थान फूड पार्क डेवलपमेंट पॉलिसी-2026 को मंजूरी दी। हर जिले में क्लस्टर आधारित फूड पार्क विकसित किए जाएंगे। कृषि उत्पादों के प्रसंस्करण, भंडारण, विपणन और निर्यात को बढ़ावा देकर किसानों की आय तथा ग्रामीण रोजगार बढ़ाने पर जोर रहेगा। कृषि-फूड प्रोसेसिंग परियोजनाओं को 60 से 40 प्रतिशत तक पूंजीगत सब्सिडी और विशेष श्रेणियों को अतिरिक्त 5 प्रतिशत सब्सिडी मिलेगी।

### ● श्रमिकों के हित में बड़े फैसले

कोड ऑन वेजेज (राजस्थान) रूल्स-2026 को मंजूरी दी गई। सप्ताह में अधिकतम 48 घंटे काम, प्रत्येक पांच घंटे बाद 30 मिनट का विश्राम और साप्ताहिक अवकाश पर काम करने पर ओवरटाइम का प्रावधान किया गया है। महंगाई भत्ता उढकसे जुड़ा रहेगा और वर्ष में दो बार संशोधित होगा। श्रम विवादों के त्वरित समाधान के लिए राजस्थान इंडस्ट्रियल रिलेशंस रूल्स-2026 को भी मंजूरी मिली।

### ● हरित राजस्थान और अक्षय ऊर्जा पर जोर

ट्री आउटसाइड फॉरेस्ट पॉलिसी के तहत वन क्षेत्र से बाहर बंजर, परती एवं कृषि भूमि तथा सड़क-रेल कॉरिडोर में वृक्षारोपण को बढ़ावा दिया जाएगा। नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए आवंटित भूमि का 10 प्रतिशत पौधरोपण के लिए आरक्षित करना अनिवार्य किया गया है।क्लीन एनर्जी नीति में संशोधन के साथ बैटरी स्टोरेज परियोजनाओं को प्रोत्साहन और बिजली निकासी की समय-सीमा तीन वर्ष से घटाकर दो वर्ष की गई है। राज्य में 49,000 मेगावाट से अधिक नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता स्थापित है और 2030 तक 125 ॠ का लक्ष्य रखा गया है।

### ● मानसून और कृषि व्यवस्था की मंत्री करेंगे समीक्षा

मंत्रियों को अपने प्रभार वाले जिलों का दौरा कर बिजली, पेयजल, सड़क, चिकित्सा और आपदा प्रबंधन व्यवस्थाओं की समीक्षा करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही किसानों को खाद, प्रमाणित बीज और अन्य कृषि आदानों की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया है।

# आरएसएचए को सुदृढ़ बनाने के साथ सड़क सुरक्षा को मिलेगी नई गति

## राजस्थान हाईवे मॉडर्नाइजेशन प्रोजेक्ट की समीक्षा, करीब 800 किमी राज्य राजमार्गों के उन्नयन पर जोर

चमकता राजस्थान

**जयपुर, 7 अगस्त। (खलील कुरैशी)** राजस्थान में राज्य राजमार्गों के आधुनिकीकरण, सड़क सुरक्षा को मजबूत करने और सड़क नेटवर्क प्रबंधन को अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में सरकार ने तैयारियां तेज कर दी हैं। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने राजस्थान हाईवे मॉडर्नाइजेशन प्रोजेक्ट (आरएचएमपी) के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के साथ राजस्थान स्टेट हाईवे अथॉरिटी (आरएसएचए) को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा सड़क सुरक्षा कार्यक्रमों को गति देने के निर्देश दिए हैं।मुख्य सचिव ने शुक्रवार को शासन सचिवालय में वर्ल्ड बैंक के साथ राजस्थान हाईवे मॉडर्नाइजेशन प्रोजेक्ट के प्रथम इम्प्लीमेंटेशन सपोर्ट एवं रिव्यू मिशन की समापन (रैप-अप) बैठक की अध्यक्षता करते हुए परियोजना की प्रगति और आगामी कार्ययोजना की समीक्षा की।




### ● 14 सड़क परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा

बैठक में मुख्य सचिव ने आरएचएमपी के तहत प्रस्तावित 14 सड़क परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी ली तथा प्रमुख परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने आगामी सड़क परियोजनाओं पर चर्चा करते हुए सभी कार्यों को निर्धारित समयसीमा में पूरा करने तथा परियोजनाओं के क्रियान्वयन में प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

### ● 800 किलोमीटर राज्य राजमार्ग होंगे अपग्रेड

वर्ल्ड बैंक के प्रतिनिधि डॉ. रीनू अनेजा ने परियोजना के विभिन्न घटकों और आगामी कार्ययोजना पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने बताया कि परियोजना के तहत लगभग 800 किलोमीटर राज्य राजमार्गों का उन्नयन किया जाएगा।परियोजना में राज्य राजमार्गों के उन्नयन के साथ आरएसएचए का संस्थागत सुदृढ़ीकरण, सड़क नेटवर्क प्रबंधन को मजबूत करना और सड़क सुरक्षा व्यवस्था को आधुनिक बनाना प्रमुख रूप से शामिल है।

### स्मार्ट तकनीक और ई-वाहन चार्जिंग पर भी फोकस

प्रस्तावित कार्ययोजना में इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्ट सिस्टम (आईटीएस), इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग अवसंरचना, परिवहन एवं लॉजिस्टिक्स सेवाओं में सुधार तथा निजी निवेश को प्रोत्साहन देने के प्रावधान भी शामिल हैं।इसके अलावा डिजिटल तकनीक आधारित सड़क प्रबंधन प्रणाली विकसित करने, परियोजना प्रबंधन क्षमता को मजबूत करने तथा जलवायु-अनुकूल सड़क अवसंरचना विकसित करने पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा।

### सुरक्षित और आधुनिक सड़क नेटवर्क की दिशा में कदम

राजस्थान हाईवे मॉडर्नाइजेशन प्रोजेक्ट के माध्यम से राज्य में सड़क अवसंरचना को आधुनिक तकनीक से जोड़ने के साथ सड़क सुरक्षा, बेहतर यातायात प्रबंधन और परिवहन सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार का लक्ष्य रखा गया है। मुख्य सचिव ने परियोजना के सभी घटकों में समन्वय के साथ समयबद्ध एवं परिणामोन्मुखी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव, सार्वजनिक निर्माण विभाग प्रवीण गुप्ता, वर्ल्ड बैंक मिशन के प्रतिनिधि, राजस्थान स्टेट हाईवे अथॉरिटी तथा सार्वजनिक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# कोमल पद प्रशिक्षण शिविर में स्काउटिंग के संस्कारों से विद्यार्थियों को किया जा रहा है प्रशिक्षित

चमकता राजस्थान

**दौसा।** विद्या भारती विद्यालय, उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर, गेटालाव रोड, दौसा में हिन्दुस्तान स्काउट एंड गाइड राजस्थान राज्य, जिला मुख्यालय दौसा के तत्वावधान में कोमल पद प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का संचालन जिला ऑर्गनाइजिंग स्काउट डीओ सोनू शर्मा एवं गाइड डीओ नयना मीणा के निर्देशन में किया जा रहा है।



स्काउट मीडिया इंचार्ज हिमांशु लक्षकार एवं सपना राहुवास ने बताया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण शिविर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। स्काउट-गाइड गतिविधियों से उनमें आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, सेवा भावना एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित होती है।

प्रशिक्षण शिविर का नेतृत्व ट्रेनिंग काउंसलर सुभाष शर्मा एवं ब्लॉक लीडर अमन खंडेलवाल द्वारा किया जा रहा है। शिविर में रेंजर इंचार्ज निशा बैरवा, रोवर राहुल प्रजापत, हर्ष शर्मा सहित अन्य स्काउट-गाइड कार्यकर्ता एवं प्रशिक्षक उपस्थित रहकर विद्यार्थियों को व्यवहारिक एवं सैद्धांतिक प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं।

शिविर के दौरान विद्यार्थियों को स्काउटिंग की मूलभूत जानकारी के साथ-साथ कोमल पद प्रमाण-पत्र (सर्टिफिकेट) के लाभ, स्काउट-गाइड की कार्यप्रणाली, अनुशासन एवं सेवा भावना से परिचित कराया जा रहा है। प्रशिक्षण में स्काउट क्लैपिंग, फ्लैग फोल्डिंग, फ्लैग सेरेमनी, स्कार्फ फोल्डिंग, प्रार्थना, ध्वज गीत, स्काउट के नियम, प्राथमिक उपचार (फर्स्ट एड), विभिन्न प्रकार की गांठें (नॉट्स), अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता तथा सामाजिक सेवा जैसे महत्वपूर्ण विषयों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में देशभक्ति, अनुशासन, आत्मनिर्भरता, नेतृत्व क्षमता, सेवा भावना, सहयोग, नैतिक मूल्यों एवं आपदा के समय सहायता करने की भावना का विकास करना है, ताकि वे एक जिम्मेदार एवं जागरूक नागरिक बन सकें।

# रणजीत सिंह सोडाला ने किया एथलीट यशवीर सिंह का सम्मान!

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** ग्लासगो में आयोजित कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 की जैवलिन स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर भारत का गौरव बढ़ाने वाले देश के युवा एथलीट यशवीर सिंह ,उनके पिताजी व कोच राय सिंह से पूर्व प्रदेश मंत्री भाजपा रणजीत सिंह सोडाला ने आत्मीय भेंट कर उनका सम्मान एवं अभिनंदन किया इस अवसर पर रणजीत सिंह सोडाला ने कहा कि उनकी सफलता देश के युवाओं को खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए निरंतर प्रेरित करेगी,हमें पूर्ण विश्वास है कि वे भविष्य में भी अंतरराष्ट्रीय मंचों पर तिरंगे की शान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाते हुए भारत को अनेक गौरवपूर्ण उपलब्धियां दिलाएंगे।



इस अवसर पर रणजीत सिंह सोडाला पूर्व प्रदेश मंत्री भाजपा के नेतृत्व मे दीपक शर्मा बानसूर, पार्षद प्रत्याशी मनीष पारीक ,लक्ष्मण सिह व रोहित भंडारी आदि उपस्थित रहे।

## शाहपुरा विधानसभा में आज पहुंचेगी 'समरसता संकल्प कलश वंदन यात्रा'

- **मनोहरपुर के गंगा माता मंदिर से होगा शुभारंभ, पांचों मंडलों में होगा भव्य स्वागत**



**चमकता राजस्थान/मनोहरपुर/शाहपुरा। (खलील कुरैशी)** संत गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में भाजपा की ओर से आयोजित प्रदेशव्यापी समरसता संकल्प कलश वंदन यात्रा शनिवार, 8 अगस्त को शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र में पहुंचेगी। यात्रा का उद्देश्य संत रविदास महाराज के सामाजिक समरसता, समानता और भाईचारे के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है।जयपुर ग्रामीण यात्रा प्रभारी एडवोकेट रघुवीर सिंह चौधरी एवं शाहपुरा विधानसभा प्रभारी एडवोकेट बीएस बेनीवाल ने बताया कि जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह के नेतृत्व में यात्रा शाहपुरा विधानसभा के पांचों मंडलों में पहुंचेगी। यात्रा का शुभारंभ सुबह 11 बजे मनोहरपुर मंडल के अम्बेडकर नगर स्थित गंगा माता मंदिर से होगा यहां रथ का स्वागत, संत रविदास महाराज की आरती तथा पवित्र कलश की पूजार्चना की जाएगी।यात्रा 12:30 बजे रावधीर सिंह कॉलोनी, त्रिवेणी रोड शाहपुरा शहर मंडल, 1:30 बजे त्रिवेणी धाम शाहपुरा देहात मंडल, 3 बजे कल्याणजी मंदिर मुख्य बाजार अमरसर मंडल तथा शाम 5 बजे मुख्य बाजार खेजरोली पहुंचेगी। प्रत्येक पड़ाव पर कलश एवं संत रविदास महाराज की प्रतिमा की पूजार्चना तथा रथ का भव्य स्वागत किया जाएगा यात्रा के साथ संत रविदास महाराज की जन्मस्थली की मिट्टी से भरा पवित्र कलश रहेगा। विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा के साथ संत रविदास के जीवन, विचारों और सामाजिक समरसता के संदेश पर वक्ताओं द्वारा प्रकाश डाला जाएगा।कार्यक्रम में जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह मुख्य अतिथि, पूर्व विधायक आलोक बेनीवाल, भाजपा विधायक प्रत्याशी उपेन यादव, लोकसभा यात्रा प्रभारी एडवोकेट रघुवीर सिंह चौधरी, विधानसभा प्रभारी एडवोकेट बीएस बेनीवाल सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। भाजपा कार्यकर्ताओं ने यात्रा के स्वागत कार्यक्रमों में अधिकाधिक सहभागिता का आ''ान किया है।

### राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा की,

# 'टीबी मुक्त सलूंबर' के लक्ष्य के साथ नशामुक्त समाज का संकल्प : हरिभाऊ बागडे

## प्राथमिक शिक्षा और जनजातीय युवाओं के सशक्तीकरण पर दिया जोर

चमकता राजस्थान

**जयपुर/सलूंबर! (खलील कुरैशी) 7 अगस्त।** राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने शुक्रवार को सलूंबर कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ विभिन्न जनहितकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने नशामुक्त भारत अभियान, टीबी उन्मूलन, शिक्षा और जनजातीय विकास सहित महत्वपूर्ण विषयों पर अधिकारियों को प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए।राज्यपाल बागड़े ने कहा कि ''समाज में नशे की प्रवृत्ति रोकने के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा। युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है।'' उन्होंने नशामुक्त भारत अभियान को प्राथमिकता से लागू करने, इसकी शुरुआत सरकारी विभागों से करने तथा अधिकारियों-कर्मचारियों से स्वयं नशे से दूर रहकर समाज के सामने आदर्श प्रस्तुत करने का आ''ान किया। उन्होंने अभियान को गांव-गांव तक पहुंचाने, व्यापक जनजागरूकता चलाने और इसमें नारी शक्ति की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर नशामुक्ति अभियान के पोस्टर का विमोचन भी किया गया।







### ● 'टीबी मुक्त सलूंबर' के लिए प्रभावी स्क्रीनिंग

राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए राज्यपाल ने 'टीबी मुक्त सलूंबर' के लक्ष्य के साथ कार्य करने को कहा। उन्होंने टीबी मरीजों की शीघ्र पहचान, समय पर उपचार, ग्राम पंचायत स्तर तक जागरूकता तथा डोर-टू-डोर सर्वे और स्क्रीनिंग को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। मरीजों को निःशुल्क दवाइयों के साथ निक्षय मित्र योजना के माध्यम से नियमित पोषण किट उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया।

### ● प्राथमिक शिक्षा को बनाया जाए मजबूत

शिक्षा की समीक्षा करते हुए राज्यपाल ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण प्राथमिक शिक्षा राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। विद्यालयों में केवल परीक्षा परिणामों पर ध्यान देने के बजाय विद्यार्थियों की बुनियादी समझ, बौद्धिक क्षमता और नैतिक मूल्यों के विकास को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने शिक्षकों के नियमित प्रशिक्षण, नवाचार आधारित शिक्षण तथा रचनात्मक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के निर्देश दिए।

### ● जनजातीय युवाओं को शिक्षा-कौशल से मिले नई उड़ान

जनजातीय विकास की समीक्षा के दौरान राज्यपाल ने जनजातीय क्षेत्र के युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए हरसंभव अवसर उपलब्ध कराने पर जोर दिया। उन्होंने आश्रम एवं बालिका छात्रावासों की व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल विकास, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर बढ़ाने के निर्देश दिए। विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा और नई तकनीक से जोड़ने तथा शिक्षकों के प्रशिक्षण को प्रभावी बनाने पर भी बल दिया।राज्यपाल ने समीक्षा के बाद कलेक्ट्रेट परिसर में हरसिंगार (पारिजात) का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कृषि, स्वास्थ्य एवं राजीविका विभाग की प्रदर्शनियों का निरीक्षण कर विभागीय योजनाओं एवं गतिविधियों की जानकारी भी ली।

### KPI रैंकिंग में उदयपुर संभाग प्रथम, जयपुर द्वितीय; टोंक जिला अव्वल, सीकर दूसरे स्थान पर

# सहकारिता योजनाओं में तेजी लाएं, लंबित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण करें : डॉ. समित शर्मा

## गोदाम निर्माण से लेकर ऑडिट, डेयरी समितियों, ई-फाइलिंग और 'हर घर तिरंगा' अभियान तक विभागीय कार्यों की समीक्षा

चमकता राजस्थान

**जयपुर, 7 अगस्त। (खलील कुरैशी)** शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारिता डॉ. समित शर्मा ने विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि समयबद्धता, पारदर्शिता, जवाबदेही और गुणवत्तापूर्ण कार्य निष्पादन विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने जिला प्रभारी अधिकारियों को योजनाओं की मैदानी स्तर पर प्रभावी मॉनिटरिंग कर निर्धारित लक्ष्यों में स्पष्ट सुधार सुनिश्चित करने को कहा।नेहरू सहकार भवन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक में 'सहकार से समृद्धि' कार्यक्रम, वैधानिक दायित्वों और प्रशासनिक कार्यों की की-परफॉर्मेंस इंडीकेटर्स (ड्ढक) के आधार पर संभाग एवं जिलों की प्रगति की समीक्षा और रैंकिंग की गई। उदयपुर संभाग प्रथम तथा जयपुर द्वितीय रहा, जबकि टोंक जिला प्रथम और सीकर द्वितीय स्थान पर रहा।




### ● 'हर घर तिरंगा' से जुड़ने का आह्वान

डॉ. शर्मा ने सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस पर कार्यालयों में उपस्थित रहकर आयोजन में भाग लेने तथा राज्य सरकार के निर्देशानुसार 'हर घर तिरंगा' अभियान को सफल बनाने के लिए सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा।

### ● ऑनलाइन टेस्ट से जागरूकता का नवाचार

बैठक में सहकारी अधिनियम एवं ऑडिट प्रावधानों की जानकारी बढ़ाने के लिए गूगल डॉक्स के माध्यम से बहुविकल्पीय ऑनलाइन टेस्ट आयोजित किया गया और परिणाम घोषित किए गए। डॉ. शर्मा ने आगामी समीक्षा बैठक तक निर्धारित लक्ष्यों की प्रगति में स्पष्ट सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए अधिकारियों को टीम भावना के साथ परिणामोन्मुखी कार्य करने का संदेश दिया।

### ● उपस्थिति, ई-फाइलिंग और ऑडिट की होगी प्रभावी मॉनिटरिंग

एईबीएस प्रणाली की समीक्षा करते हुए बार-बार अनुपस्थित रहने वालेअधिकारियों-कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई तथा सभी कार्मिकों को उपस्थिति पंजिका में दिन में दो बार उपस्थिति दर्ज करने के निर्देश दिए गए।राजकाज ई-फाइलिंग में लंबित फाइलों का शीघ्र निस्तारण करने तथा डिजिटल माध्यमों के अधिकतम उपयोग से कार्यप्रणाली को पारदर्शी और जवाबदेह बनाने पर जोर दिया गया।क्षेत्रीय अंकेक्षण अधिकारियों एवं विशेष लेखा परीक्षकों को चालू एवं बैकलॉग ऑडिट, जिलेवार 'पैक्स ऑन सिस्टम', ऑडिट फीस वसूली तथा ऑडिट नहीं कराने वाली समितियों के विरुद्ध कार्रवाई की समीक्षा के निर्देश दिए गए।

### ● गोदाम निर्माण के साथ उपयोगिता पर जोर

'सहकार से समृद्धि' अभियान के तहत विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना की जिलेवार प्रगति की समीक्षा करते हुए डॉ. शर्मा ने गोदाम निर्माण के लिए प्रस्ताव एवं भूमि आवंटन की प्रक्रिया तेज करने, अनुपयोगी गोदामों को उपयोगी बनाने, कस्टम हायरिंग सेंटर स्थापित करने तथा कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से ई-मित्र सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।उन्होंने भूमिहीन केवीएसएस को गोदाम निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध कराने, स्वीकृत कार्य शीघ्र शुरू कराने, ई-पैक्स प्रमाण-पत्र जारी करने तथा निर्मित गोदामों के उपयोगिता प्रमाण-पत्र प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि गोदाम निर्माण केवल लक्ष्य पूर्ति तक सीमित नहीं रहे, बल्कि उनका प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जाए।

### ● डेयरी समितियों का डेटा अपडेट करने के निर्देश

राज्य में नई डेयरी सहकारी समितियों के गठन और निष्क्रिय समितियों को यथासंभव सक्रिय करने पर जोर दिया गया। सक्रिय नहीं हो सकने वाली समितियों के शीघ्र अवसायन की कार्रवाई करने तथा जिला दुग्ध संघों से जानकारी लेकर सक्रिय एवं निष्क्रिय समितियों का डेटा एनसीडी एवं राजसहकार पोर्टल पर अपडेट करने के निर्देश दिए गए।

### ● लंबित मामलों पर सख्ती

बैठक में धारा 55, धारा 57(1) एवं 57(2) के लंबित प्रकरणों तथा धारा 25 के तहत सोसायटियों की आमसभाओं की स्थिति की समीक्षा की गई। डॉ. शर्मा ने कहा कि कोई भी प्रकरण अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रखा जाए तथा सभी मामलों का नियमानुसार एवं समयबद्ध निस्तारण किया जाए।मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त पत्रों एवं शिकायतों, सीसीए-16/17 के मामलों तथा न्यायालयीन प्रकरणों में भी समय पर गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई और जवाबदावा प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

## नुक्कड़ नाटक से यातायात नियमों का संदेश, आमजन को किया जागरूक

- **हेलमेट-सीट बेल्ट से लेकर स्टॉप लाइन, जेब्रा क्रॉसिंग और नशे में वाहन नहीं चलाने की दी सीख**
- **पुलिस मुख्यालय के निर्देशों की पालना में अल्बर्ट हॉल पर यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित**




**चमकता राजस्थान/जयपुर! (खलील कुरैशी) 7 अगस्त।** जयपुर पुलिस आयुक्त सचिन मित्तल के निर्देशानुसार पुलिस मुख्यालय से प्राप्त 59वें महानिदेशक/महानिरीक्षक पुलिस सम्मेलन-2024 की सिफारिशों की क्रियान्विति के तहत आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।अतिरिक्त पुलिस आयुक्त यातायात प्रदीप मोहन शर्मा के निर्देशन में सिफारिश संख्या-12–''सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर राष्ट्रीय एवं जन सुरक्षार्थ श्रद्धांजलि स्वरूप कार्यक्रम आयोजित करना''–की क्रियान्विति के तहत यातायात जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।पुलिस उपायुक्त यातायात योगेश गोयल के निर्देशन में यातायात शिक्षा शाखा ने अल्बर्ट हॉल पर अल्फाना रंग थिएटर के कलाकारों एवं मुस्कान संस्थान के सहयोग से प्रभावी नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। नाटक के माध्यम से आमजन को यातायात नियमों की पालना के साथ सुरक्षित सड़क व्यवहार अपनाने का संदेश दिया गया।कार्यक्रम के दौरान लोगों को हेलमेट के साथ हेलमेट स्ट्रिप लगाने, स्टॉप लाइन का पालन करने, पैदल यात्रियों द्वारा जेब्रा क्रॉसिंग का उपयोग करने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन पर बात नहीं करने तथा शराब पीकर वाहन नहीं चलाने के लिए जागरूक किया गया।इस अवसर पर आमजन को यातायात नियमों की पालना की शपथ भी दिलाई गई। साथ ही यातायात नियमों से संबंधित पैम्फलेट एवं पोस्टर वितरित कर सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।यातायात पुलिस की इस पहल का उद्देश्य जनभागीदारी के माध्यम से सड़क सुरक्षा के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना और यातायात नियमों की प्रभावी पालना सुनिश्चित करना रहा।

## हाड़ौती के 'अनसीन' पर्यटन स्थलों को देश-दुनिया तक पहुंचाएगा होटल फेडरेशन

# 11 राज्यों के 60 प्रमुख टूर ऑपरेटर्स का 'फैबटूर' 'कोटा-बूंदी-बारां-झालावाड़ के पर्यटन स्थलों का कराया भ्रमण

चमकता राजस्थान

## टूर ऑपरेटर्स के जरिए नए पर्यटन डेस्टिनेशन को टूर पैकेज में शामिल कराने की पहलः हुसैन खान

**जयपुर (खलील कुरैशी)।** राजस्थान के अनदेखे और कम चर्चित पर्यटन स्थलों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र पर पहचान दिलाने के उद्देश्य से होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान ने अभिनव पहल शुरू की है। फेडरेशन द्वारा देश के 11 राज्यों से 60 प्रमुख टूर ऑपरेटर्स को आमंत्रित कर 'फैब टूर' के तहत राजस्थान के विभिन्न पर्यटन क्षेत्रों का भ्रमण कराया जा रहा है।इस टूर में देश-विदेश के पर्यटकों के लिए टूर पैकेज तैयार करने वाले प्रमुख ऑपरेटर्स शामिल हैं।उन्हें जोधपुर, उदयपुर और चित्तौड़गढ़ के साथ अब हाड़ौती के कोटा, बूंदी, बारां एवं झालावाड़ के अनदेखे पर्यटन स्थलों का प्रत्यक्ष भ्रमण कराया जा रहा है। फेडरेशन का उद्देश्य इन स्थलों को टूर ऑपरेटर्स के माध्यम से देश-विदेश के पर्यटकों के टूर प्लान में शामिल कराना है, ताकि क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों और पर्यटकों की संख्या में वृद्धि हो।





### जो देखा है, वही पर्यटकों को दिखा पाएंगे' : हुसैन खान

होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान के अध्यक्ष हुसैन खान ने कहा कि राजस्थान में विश्वस्तरीय पर्यटन संभावनाएं मौजूद हैं, लेकिन कई महत्वपूर्ण एवं खूबसूरत स्थल अभी भी व्यापक पर्यटन मानचित्र पर अपनी अपेक्षित पहचान नहीं बना पाए हैं। 'फैब टूर' का उद्देश्य टूर ऑपरेटर्स को इन स्थलों का प्रत्यक्ष अनुभव कराना है, ताकि वे स्वयं यहां की खूबसूरती और विरासत को देखकर पर्यटकों के लिए टूर पैकेज तैयार कर सकें।उन्होंने कहा कि फेडरेशन राजस्थान के प्रत्येक पर्यटन क्षेत्र को देश-विदेश के पर्यटन बाजार से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयासरत है। हाड़ौती के बाद बीकानेर, भरतपुर और शेखावाटी संभागों में भी टूर ऑपरेटर्स को आमंत्रित कर पर्यटन स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा। इससे नए पर्यटन सर्किट विकसित होंगे और स्थानीय होटल, परिवहन, गाइड, हस्तशिल्प तथा अन्य पर्यटन आधारित व्यवसायों को भी लाभ मिलेगा।

### हर संभाग के पर्यटन को राष्ट्रीय मंच देने का लक्ष्य

» फेडरेशन आगामी चरणों में देश के अन्य राज्यों से भी टूर ऑपरेटर्स को राजस्थान आमंत्रित करेगा। इसके माध्यम से प्रदेश के विभिन्न संभागों के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, प्राकृतिक और विरासत स्थलों को पर्यटन उद्योग से जोड़ते हुए राजस्थान में पर्यटन को और व्यापक एवं बहुआयामी बनाने का प्रयास किया जाएगा।

### परिवहन, आवास और भोजन की व्यवस्था फेडरेशन ने संभाली

» 'फैब टूर' में शामिल टूर ऑपरेटर्स के परिवहन, आवास एवं भोजन सहित आवश्यक व्यवस्थाएं होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान द्वारा की जा रही हैं। फेडरेशन की पूरी टीम इस आयोजन को सफल बनाने में जुटी है।इस पहल में फेडरेशन के सचिव रणविजय सिंह, कोटा संभाग अध्यक्ष अशोक माहेश्वरी, उदयपुर संभाग अध्यक्ष राकेश चौधरी, जोधपुर संभाग अध्यक्ष पवन मेहता, सहसचिव कृष्ण अवतार एवं कार्यकारिणी सदस्य सुभाष शर्मा का विशेष सहयोग रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### 3 दिन से लापता युवक का खेत में मिला शव, परिजनों ने खेत मालिकों पर लगाए करंट फैलाने के गंभीर आरोप

**चमकता राजस्थान/बापचा / छबड़ा।** बापचा थाना क्षेत्र के बदनवास-महादेव चौकी मार्ग के पास स्थित खेतों में शुक्रवार को तीन दिन से लापता एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान मध्यप्रदेश के पिपलिया निवासी मेघराज मीणा के रूप में हुई है।

- **क्या है पूरा मामला?**

जानकारी के अनुसार, मेघराज मीणा पिछले 3 दिनों से अपने घर से संदिग्ध परिस्थितियों में गायब चल रहा था। परिजन और पुलिस उसकी तलाश कर रहे थे। शुक्रवार को खेतों में कुछ ग्रामीणों ने उसका शव पड़ा देखा, जिसके बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना मिलते ही बापचा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया।

- **करंट की चपेट में आने से मृत्यु की आशंका**

शव जिस जगह मिला, वहाँ खेत के आसपास करंट फैलने की प्रबल आशंका जताई जा रही है। मौके पर मौजूद परिजनों और ग्रामीणों का आरोप है कि खेत मालिकों ने फसलों और फसल सुरक्षा के नाम पर अवैध रूप से बिजली के नंगे तार (करंट) लगा रखे थे। परिजनों का कहना है कि मेघराज की मृत्यु इसी अवैध करंट की चपेट में आने के कारण हुई है।

- **पुलिस जांच में जुटी**

घटनास्थल पर पहुँची बापचा थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। पुलिस का कहना है कि मृत्यु के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही साफ हो पाएगा। परिजनों के आरोपों और शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामले की गहनता से जाँच शुरू कर दी है।

### फलोदी में भाजपा शहर मंडल की मासिक बैठक आयोजित, नगर परिषद चुनाव को लेकर बनाई रणनीति



**चमकता राजस्थान/अनिल सैन \ फलोदी।** 7 अगस्त 2026। भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल फलोदी की मासिक बैठक गुरुवार को शहर मंडल कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक में आगामी नगर परिषद चुनाव को लेकर संगठनात्मक रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती ज्योति जानी ने की। शहर मंडल अध्यक्ष शिवप्रकाश पंचारिया ने बताया कि जिला अध्यक्ष ज्योति जानी ने कार्यकर्ताओं का आ''ान करते हुए कहा कि सभी भाजपा परिवार के सदस्य एकजुट होकर संगठन को मजबूत करें और आगामी नगर परिषद चुनाव में भाजपा का बोर्ड बनाकर फलोदी नगर परिषद में भाजपा का परचम लहराएं। उन्होंने संगठन की मजबूती और बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाने पर भी जोर दिया।

बैठक में वरिष्ठ कार्यकर्ता ओम बोहरा, धनसुख तरु, जे.पी. जोशी, प्रेम सोनी एवं मेघराज कल्ला ने अपने विचार रखे तथा संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए सुझाव दिए।

बैठक में हरीश दवे, भोमराज बोहरा, गोपाल रंगा, राजेंद्र कुमार, प्रेम सोनी, जुगल किशोर, महेश शर्मा, हरिकिशन माली, सुरेश रंगा, अरुण जोशी, नरेंद्र नागल, यशपाल कोठारी, राजेंद्र कुमावत, कमल किशोर जीनगर, केदार सेन, जगदीश मेघवाल, त्रिलोक प्रजापत, धर्मेंद्र थानवी, विमला सुथार, निशा आचार्य, अजय कुमार सुथार, देवकिशन सोनी, राकेश जोशी, सौरव बोहरा, अभय सोनी, राहुल सिंह, रेवंत सिंह, चतुर्भुज सोनी, जगदीश पालीवाल, अशोक सिंह, महेंद्र सोनी, मूलचंद जोशी, रामचंद्र बोहरा, राजेंद्र कुमार, देव शर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक का समापन आगामी नगर परिषद चुनाव में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के संकल्प के साथ हुआ।.

## अनाधिकृत व्यक्ति से प्रसव कराने पर सख्त कार्रवाई;

# प्रसूता की मौत पर निशु हॉस्पिटल सील, एफआईआर के निर्देश

चमकता राजस्थान

## एएनसी के सही आंकड़े समय पर अपलोड करने, हाई रिस्क प्रेग्नेंसी की पहचान और मातृ स्वास्थ्य सेवाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग के निर्देश

### लाइसेंस निरस्त, अस्पताल की सभी गतिविधियों पर रोक

**जयपुर! (खलील कुरैशी) 7 अगस्त।** मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही को लेकर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने शुक्रवार को स्वास्थ्य भवन में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं एवं मातृ मृत्यु के मामलों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

अलवर के नंगला रायसिस स्थित निशु हॉस्पिटल में प्रसूता की मौत के मामले में कड़ी कार्रवाई करते हुए अस्पताल को सील कर दिया गया है। 4 अगस्त को चिकित्सक की अनुपस्थिति में अनाधिकृत नर्सिंगकर्मी द्वारा प्रसव कराए जाने के बाद प्रसूता अंजुम (पिंकी), पत्नी साहिल खान की मृत्यु हो गई थी। राठौड़ ने अस्पताल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने, क्लीनिकल एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के तहत लाइसेंस निरस्त करने तथा सभी गतिविधियों पर रोक के निर्देश दिए।अस्पताल संचालक डॉ. भुवनेश कुमार शर्मा के खिलाफ मेडिकल काउंसिल तथा नर्सिंगकर्मी रफीकन बानो के खिलाफ नर्सिंग काउंसिल को कार्रवाई के लिए पत्र भेजा गया है। राठौड़ ने स्पष्ट किया कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में इस प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



- **एएनसी और हाई रिस्क प्रेग्नेंसी पर फोकस**

प्रमुख शासन सचिव ने गर्भवती महिलाओं की जांच से संबंधित एएनसी के सही एवं अद्यतन आंकड़े समयबद्ध रूप से अपलोड करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्थानीय स्तर पर आंकड़ों की गंभीर मॉनिटरिंग कर हाई रिस्क प्रेग्नेंसी की समय पर पहचान तथा आवश्यक उपचार एवं सेवाएं सुनिश्चित करने पर जोर दिया। अजमेर संभाग में एचआरपी मामलों में लापरवाही पर संबंधित संभागीय संयुक्त निदेशक को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

### उपकरणों और जर्जर भवनों की भी समीक्षा

» राठौड़ ने अस्पतालों में उपलब्ध सरप्लस, अनुपयोगी एवं मरम्मत योग्य बायो मेडिकल उपकरणों की जानकारी ई-उपकरण सॉफ्टवेयर पर अपडेट करने तथा मरम्मत योग्य उपकरणों को समय पर ठीक करवाकर पुनः उपयोग में लेने को कहा। साथ ही जिला कलेक्टरों के सहयोग से जर्जर एवं मरम्मत योग्य स्वास्थ्य भवनों की पहचान कर प्राथमिकता से सुधार कार्य कराने तथा दुर्घटना संभावित एवं अनुपयोगी भवनों में आमजन का प्रवेश रोकने के निर्देश दिए।बैठक में आरएमएससीएल के प्रबंध निदेशक पुखराज सैन, अतिरिक्त मिशन निदेशक एनएचएम डॉ. टी. शुभमंगला, कार्यवाहक निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. नरोत्तम शर्मा, निदेशक आरसीएच डॉ. मधु रतेश्वर, निदेशक एड्स डॉ. सुशील परमार सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## महिला पतंजलि योग समिति ने निभाई सक्रिय सहभागिता

# ब्यावर स्थापना दिवस पर रेड आर्मी द्वारा थैलेसीमिया बच्चों को समर्पित विशाल रक्तदान शिविर आयोजित

चमकता राजस्थान

ब्यावर। ब्यावर स्थापना दिवस के अवसर पर रेड आर्मी द्वारा सिटी डिस्पेंसरी ब्यावर में थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों को समर्पित विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में महिला पतंजलि योग समिति, जिला ब्यावर ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए समाजसेवा और मानवता का संदेश दिया। समिति की जिला प्रभारी जसमीत कौर सलूजा ने स्वयं रक्तदान कर लोगों को नियमित रक्तदान के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर जसमीत कौर सलूजा ने कहा कि थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों को जीवनभर नियमित रक्त की आवश्यकता होती है, इसलिए प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर स्वेच्छा से रक्तदान अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ₹रक्तदान महादान है, जो किसी जरूरतमंद को नया जीवन देने का सबसे बड़ा माध्यम है।₹




कार्यक्रम में यातायात विभाग के कांस्टेबल मंगल चंद ने कहा कि थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों के जीवन की रक्षा के लिए नियमित रक्तदान अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी स्वस्थ नागरिकों से रक्तदान अभियान से जुड़ने का आ''ान करते हुए कहा कि रक्तदान मानवता की सर्वोच्च सेवा है।

ब्यावर यूथ संगठन के अध्यक्ष बृजेश साहू ने अपने संबोधन में कहा कि समाज की सभी संस्थाओं, सामाजिक संगठनों एवं युवाओं को रक्तदान शिविरों में बढ़-चढ़कर सहयोग करना चाहिए। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से नियमित रक्तदान अभियान का हिस्सा बनने की अपील करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही थैलेसीमिया एवं अन्य गंभीर रोगों से पीड़ित मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सकता है।

शिविर के दौरान रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया गया। रेड आर्मी की ओर से जसमीत कौर सलूजा को समाजसेवा एवं रक्तदान के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सामाजिक संगठनों, युवाओं एवं नागरिकों ने भाग लेकर स्वैच्छिक रक्तदान किया। शिविर का मुख्य उद्देश्य रक्त की उपलब्धता बढ़ाना तथा विशेष रूप से थैलेसीमिया एवं अन्य गंभीर रोगों से पीड़ित मरीजों के लिए नियमित रक्तदान के प्रति जनजागरूकता फैलाना रहा।

# आयंबिल तप अनुष्ठान : श्रद्धालुओं ने तप कर लिया आत्मशुद्धि का संकल्प




चमकता राजस्थान

**महेश कुमार बिड़ला/मीडिया प्रभारी मांडल भीलवाड़ा।** तेरापंथ महिला मंडल, भीलवाड़ा के तत्वावधान एवं मुनिश्री यशवंत कुमार जी ठाणा-2 के सानिध्य में तेरापंथ भवन में आयंबिल तप अनुष्ठान का आयोजन श्रद्धाभाव से किया गया। अनुष्ठान में कुल 90 आयंबिल तप हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ नवकार महामंत्र के उच्चारण हुआ जिसमे उवसर्गहर स्तोत्र का सामूहिक जाप करवाया गया। महिला मंडल अध्यक्षा अमिता बाबेल ने सभी तपस्वियों का स्वागत करते हुए आध्यात्मिक मंगलकामनाएं प्रेषित की ।

मुनि यशवंत कुमार जी ने सामूहिक आयंबिल तप का पच्चक्खाण करवाते हुए कहा कि तप आत्मा को निर्मल बनाने का माध्यम है। चातुर्मास का उद्देश्य अधिकाधिक तप, जप एवं साधना के माध्यम से आत्मकल्याण की दिशा में आगे बढ़ना है।

इसके पश्चात महिला मंडल की मासिक बैठक आयोजित हुई। मैना कांठेड़, रीना बाफना, अमिता बाबेल एवं सुमन लोढ़ा ने पंच परमेष्ठी गीतिकाओं का संगान किया। अध्यक्ष ने अधिकाधिक गीतिकाओं को कंठस्थ करने का लक्ष्य रखने का आ''ान किया ।

तपस्या प्रभारी चंदा खाब्या एवं कनक लता गोखरू के अथक श्रम एवं सहयोग से अनुष्ठान सानंद संपन्न हुआ। कार्यक्रम के सहयोगी श्रीमती सरोज देवी, टीना, सुनील मंडोत रहे। शिल्पा चौधरी ने नारी लोक का वाचन किया तथा मंत्री सुमन लोढ़ा ने आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर सीमा कोठारी, मधु ओस्तवाल, पिस्ता झाबक, जतन हिरण, विजया सुराणा, शिवानी सुराणा, पुष्पा पामेचा, मीना खाब्या एवं रोशन देवी बाफना सहित अनेक बहनों का विशेष सहयोग रहा।

# यात्रियों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं राष्ट्रीय राजमार्ग पर मध्यरात्रि में संयुक्त टीम की बड़ी कार्रवाई

चमकता राजस्थान

**ब्यावर।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा एवं यात्री सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत दिनांक 06.अगस्त .2026 को देर रात्रि से मध्यरात्रि तक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ब्यावर की सचिव सोनल पारीख के नेतृत्व में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, उप पुलिस अधीक्षक (डीवाईएसपी), जिला परिवहन अधिकारी, यातायात पुलिस एवं जिला प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग पर लक्जरी एवं स्लीपर बसों का औचक निरीक्षण किया गया।



अभियान के दौरान कुल 07 लक्जरी एवं स्लीपर बसों की गहन जांच की गई। निरीक्षण के दौरान बसों के परमिट, फिटनेस, ड्राइविंग लाइसेंस, आपातकालीन निकास द्वार (ऐंशैंल्लू८ ए७३), अग्निशामक यंत्र, प्राथमिक उपचार किट, यात्री सुरक्षा उपकरणों, एआईएस-119 (अक्र-119) के सुरक्षा मानकों तथा मोटर वाहन अधिनियम, 1988 के प्रावधानों के अनुरूप जांच की गई।देर रात्रि एवं मध्यरात्रि में संचालित इस विशेष जांच अभियान के दौरान कई बस संचालकों द्वारा सुरक्षा मानकों की अनदेखी एवं नियमों के उल्लंघन के मामले सामने आए। जांच में यात्री सुरक्षा संबंधी गंभीर खामियां, स्वीकृत क्षमता से अधिक अतिरिक्त सीटों का संचालन, अनधिकृत मॉडिफिकेशन (Unauthorized Modification), आपातकालीन निकास व्यवस्था में कमियां तथा अन्य नियम विरुद्ध व्यवस्थाएं पाई गईं। इन अनियमितताओं को गंभीरता से लेते हुए संयुक्त टीम द्वारा 01 बस को जब्त (ग्रीशी) किया गया तथा 05 बसों के चालान बनाए गए। कार्रवाई के दौरान विभिन्न प्रावधानों के अंतर्गत कुल 3,45,000/- (तीन लाख पैंतालीस हजार रुपये) का जुर्माना अधिरोपित किया गया।

इस अवसर पर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ब्यावर सोनल पारीख ने कहा कि वर्तमान समय में देश के विभिन्न भागों में घटित सड़क दुर्घटनाओं तथा बसों में सुरक्षा मानकों की अनदेखी से उत्पन्न होने वाले जोखिमों को देखते हुए यह अभियान प्रारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा किसी भी परिस्थिति में यात्रियों के जीवन से खिलवाड़ स्वीकार नहीं किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि यह विशेष अभियान आगामी एक माह तक निरंतर संचालित किया जाएगा, जिसके अंतर्गत जिले में संचालित लक्जरी एवं स्लीपर बसों का नियमित निरीक्षण किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य केवल प्रवर्तनात्मक कार्रवाई करना नहीं, बल्कि यात्री परिवहन में सुरक्षा मानकों की प्रभावी पालना सुनिश्चित करना भी है।

## संक्षिप्त समाचार

### श्रीनगर ग्राम पंचायत में फॉलो अप शिविर आयोजित जलदाय विभाग अधिकारी

● नहीं आने पर ग्रामीणों में रोस व्याप्त है




**चमकता राजस्थान/रघुनंदन पारीक श्रीनगर अजमेर।** ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर ग्राम पंचायत फारकिया मुख्यालय पर फॉलो अप शिवर आयोजित राजस्थान सरकार की मंशा के अनुसार प्रत्येक व्यक्ति का कार्य प्रशासन मुख्यालय पर करें इसी योजना के तहत फरक्या में आयोजित शिविर में प्रशासक सोनू कुमार पडियार
ग्राम विकासअधिकारी कोमल चौधरी, सहायक विकास अधिकारी, मुकेश काकांणी, तहसीलदार दिनेश शर्मा एवं प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी रहे मौजूद

1 पट्टा 1 जन्म प्रमाण पत्र, 250 जी राम जी के बैनर वितरण, 4 शुद्धि प्रकरणों का निस्तारण, 10 नामांतरण कार्य हुए महावीर पडियार समाजसेवी ने बताया कि जलदाय विभाग के जयन शिविर में नहीं पहुंचने पर गांव में उठे सवाल अवैध कनेक्शन की वजह से नहीं पहुंच रहा है क्षेत्र में पानी प्रशासन पूरी तरह से नाकाम रहा अवैध कनेक्शन काटने को लेकर ग्रामीणों ने बताया कि काफी दिनों से रास्ते में अवेध कनेक्शन होने की वजह से पानी पर्याप्त नहीं पहुंच रहा है पानी वह प्रशासन अवैध कनेक्शन काटने में नाकाम देखा जा रहा है शिवर में भी अधिकारी की जगह अधिकतर कर्मचारी ही नजर आए ग्रामीणों ने बताया कि अगर प्रशासन अगर कनेक्शन नहीं कटेगा तो मुख्यमंत्री की जनसुनवाई में जाकर अवगत कराया जाएगा

### कामां पुलिस की अवैध खनन पर बड़ी कार्रवाई

● फर्जी ई-ट्रांजिट पास बनाकर खनिज परिवहन करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार



**चमकता राजस्थान/डीग।** जिले की कामां थाना पुलिस ने अवैध खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए फर्जी ई-ट्रांजिट पास तैयार कर खनिज का परिवहन करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस मामले में दो फर्जी ई-ट्रांजिट पास तैयार करने वाले आरोपियों और एक वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। साथ ही गिट्टी से भरे दो हाईवा ट्रक भी जब्त किए गए हैं। मामले की शुरुआत तब हुई जब 4 अगस्त 2026 को खनिज विभाग के कार्यदेशक सुधांशु उपाध्याय ने कामां थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में बताया गया कि घिलावटी चौकी पर खनिज से भरे दो वाहनों को रोककर उनके दस्तावेजों की जांच की गई। जांच के दौरान प्रस्तुत ई-ट्रांजिट पास संदिग्ध पाए गए। इसके बाद पुलिस और खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने विभागीय पोर्टल पर ई-ट्रांजिट पास का सत्यापन किया। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने पहले से जारी वैध ई-ट्रांजिट पास में एडिटिंग कर फर्जी ई-ट्रांजिट पास तैयार किए और उन्हीं के आधार पर खनिज का अवैध परिवहन किया। यह कृत्य एमएमडीआर एक्ट, 1957 की धारा 4 और 21 सहित संबंधित नियमों का उल्लंघन पाया गया। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने सरकारी दस्तावेजों में कूटरचना कर राज्य सरकार को राजस्व का नुकसान पहुंचाया। इस संबंध में कामां थाने में प्रकरण संख्या 433/2026 दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता (इठर) एवं एमएमडीआर एक्ट की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## राजवीर राजावत के मार्गदर्शन एवं वंदना शिवहरे के नेतृत्व में मोहन मंगल और संध्या शर्मा ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की

चमकता राजस्थान

**धौलपुर ब्यूरो चीफ : रामदास तरुण/बाड़ी।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राजवीर राजावत के मार्गदर्शन एवं मंडल अध्यक्ष वंदना शिवहरे के नेतृत्व में संगठन विस्तार अभियान के अंतर्गत मोहन मंगल (कसाई पाड़ा) एवं संध्या शर्मा (छपेटीपाड़ा) ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर दोनों नवसदस्यों का पार्टी परिवार में आत्मीय स्वागत किया गया। मंडल अध्यक्ष वंदना शिवहरे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रहित, जनसेवा और



विकास की विचारधारा पर कार्य करने वाला विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक संगठन है।उन्होंने नवसदस्यों से संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने तथा समाज सेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। जिला अध्यक्ष राजवीर राजावत के मार्गदर्शन में चल रहे संगठन विस्तार अभियान के तहत लगातार नए लोग भारतीय जनता पार्टी की रीति-नीति और जनकल्याणकारी योजनाओं से प्रभावित होकर पार्टी से जुड़ रहे हैं।कार्यकर्ताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि मोहन मंगल एवं संध्या शर्मा के पार्टी में शामिल होने से संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी तथा क्षेत्र में पार्टी का जनाधार और सशक्त होगा। इस अवसर पर भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे तथा नवसदस्यों का पुष्पमाला एवं पार्टी का दुपट्टा पहनाकर स्वागत करते हुए उन्हें उज्ज्वल राजनीतिक एवं सामाजिक जीवन की शुभकामनाएं दीं।

## मंत्रालयिक कर्मचारी महासंघ डीग ने मुख्य सचिव के नाम सौंपा 13 सूत्रीय मांगों पर ज्ञापन



**चमकता राजस्थान/संवाददाता राकिब खांन/डीग।** राजस्थान राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारी महासंघ के प्रांतीय आह्वान पर जिला अध्यक्ष पुष्पेन्द्र कुमार भारद्वाज के नेतृत्व में डीग जिला इकाई द्वारा राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारियों की लंबित 13 सूत्रीय मांगों के त्वरित निस्तारण हेतु राज्य के मुख्य सचिव के नाम एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा गया। जिला कलक्टर की अनुपस्थिति में संघ के प्रतिनिधिमंडल द्वारा यह ज्ञापन उपखंड अधिकारी डीग अमित कुमार मीना को सुपुर्द किया गया।

प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि पूर्व में 4 अप्रैल 2025 को जयपुर में आयोजित प्रदेश स्तरीय रैली एवं 8 अप्रैल 2025 को प्रमुख शासन सचिव (राजस्व) के साथ हुई उच्च स्तरीय वार्ता में महासंघ की विभिन्न मांगों पर सहमति बनी थी, लेकिन लंबे समय बीत जाने के बाद भी सहमति पत्रों की ठोस क्रियान्विति नहीं हो सकी है। ज्ञापन में उपखंड कार्यालयों में पटवार मंडलों के अनुपात में नए पदों के सृजन, नवगठित जिलों में कैडर रिव्यू के तहत स्वीकृत पदों को डीपीसी आयोजित कर भरने, जिला कलक्टर कार्यालयों को मिनी सचिवालय का दर्जा देकर प्रशासनिक कार्यालयों के समान पदनाम व वेतन भत्ते देने, तहसीलदार पदोन्नति हेतु ऑप्शन नियम बनाने, तथा जिला मैनुअल में संशोधन कर पद अनुसार कार्य विभाजन परिपत्र जारी करने की प्रमुख मांगें शामिल हैं। इसके अतिरिक्त कार्मिकों को डीपीसी वर्ष 2026-27 में अनुभव में एक बारीय छूट, राजस्व मण्डल द्वारा फील्ड व भू-प्रबंध प्रशिक्षण, कार्यस्थलों पर कंप्यूटर, प्रिंटर, स्कैनर व उपयुक्त फर्नीचर जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की भी पुरजोर मांग की गई है। महासंघ ने स्पष्ट किया है कि प्रदेश स्तरीय निर्णय के अनुसार मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई न होने की स्थिति में चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया जा रहा है।

## नन्हे हाथों को मिले रंग और सपने, शिक्षिका विजयलक्ष्मी शर्मा की प्रेरक पहल

● बच्चों को शिक्षण सामग्री वितरित, खिल उठे नन्हे चेहरों के मुस्कान



**चमकता राजस्थान/रघुनंदन पारीक श्रीनगर अजमेर/किशनगढ।** राजकीय प्राथमिक विद्यालय, खोड़ा में शिक्षिका विजयलक्ष्मी शर्मा द्वारा विद्यार्थियों को ड्राइंग बुक, पेंसिल, पेन एवं स्टेशनरी किट का वितरण किया गया। शिक्षण सामग्री प्राप्त करते ही बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। विद्यार्थियों ने कहा कि अब वे और अधिक उत्साह के साथ चित्रकला का अभ्यास कर सकेंगे तथा अपनी रचनात्मक प्रतिभा को निखार पाएंगे।

इस अवसर पर विद्यालय के संस्था प्रधान नेमीचंद जेलिया, शिक्षिका सुमन शर्मा, खेलन्ता मीणा सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। सभी ने विजयलक्ष्मी शर्मा के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे छोटे-छोटे प्रयास बच्चों के आत्मविश्वास और सीखने की रुचि को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

शिक्षिका विजयलक्ष्मी शर्मा समय-समय पर विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए इस प्रकार के प्रेरणादायक एवं सहयोगात्मक कार्य करती रहती हैं। उनका उद्देश्य बच्चों के चेहरों पर मुस्कान बनाए रखना, उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित करना तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में अपना योगदान देना है। विद्यालय परिवार ने उनके इस सामाजिक एवं शैक्षणिक योगदान की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया।

## संपर्क संस्थान का राष्ट्रीय रजत जयंती महोत्सव आज 8 अगस्त से किशनगढ़ में

● देशभर से जुटेंगे साहित्यकार, समाजसेवी, प्रशासनिक अधिकारी व जनप्रतिनिधि

● 11 पुस्तकों का लोकार्पण, 50 विशिष्ट हस्तियों का सम्मान और विविध राष्ट्रीय सत्र होंगे आयोजित

**चमकता राजस्थान/अविनाश शर्मा/मदनगंज-किशनगढ़।** सामाजिक सरोकार, साहित्य, शिक्षा एवं सेवा के क्षेत्र में देशभर में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुके संपर्क संस्थान का दो दिवसीय राष्ट्रीय रजत जयंती महोत्सव 8 अगस्त को अग्रसेन विहार, किशनगढ़ में भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। दो दिवसीय इस राष्ट्रीय आयोजन में देश के विभिन्न राज्यों से संस्थान के प्रतिनिधि, साहित्यकार, शिक्षाविद्, समाजसेवी, प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित हस्तियां सहभागिता करेंगी।

संस्थान की महासचिव एवं समन्वयक रेनू 'शब्दमुखर' ने बताया कि 8 अगस्त को प्रातः 10:30 बजे उद्घाटन सत्र 'सेवा से संवेदना तक' आयोजित होगा। मुख्य अतिथि राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी होंगे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी करेंगे। विशिष्ट अतिथियों में किशनगढ़ विधायक डॉ. विकास चौधरी, रोजियम डेवलपर्स के डायरेक्टर अर्पित जैन, आयोजन संयोजक डॉ. अखिल शुक्ला तथा मार्बल एसोसिएशन के अध्यक्ष सुधीर जैन शामिल रहेंगे। संस्थान अध्यक्ष अनिल लढ़ा ने बताया की उद्घाटन सत्र में संपर्क साहित्य परिवार के सदस्यों की 11 नवीन पुस्तकों का लोकार्पण, संस्थान की स्थापना से जुड़े 25 वरिष्ठ सदस्यों का सम्मान, तथा शिक्षा, साहित्य, खेल एवं सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली 25 विशिष्ट विभूतियों को 'संपर्क रजत सम्मान' से अलंकृत किया जाएगा। साथ ही संपर्क संस्थान की 25 वर्षों की यात्रा पर आधारित वृत्तचित्र तथा विशेष स्मारिका का भी विमोचन होगा। वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. आरती भदौरिया, मार्गदर्शक प्रदीप अग्रवाल ने बताया कि उसी दिन दोपहर 3 बजे 'सृजन से सरगम तक' विषयक साहित्यिक सत्र आयोजित होगा, जिसमें पुस्तक चर्चा, साहित्यिक विमर्श एवं सम्मान समारोह होंगे। रात्रि 8 बजे 'रजत संध्या' के अंतर्गत संस्थान के सदस्यों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक एवं संगीत प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

## कावंड़ियों के लिए गांव बसाई के अंदर अजीम भावी सरपंच ने खाना पानी और सोने का इंतजाम किया

● गंगा जमुनी भाईचारा की मिशाल पेश की



**चमकता राजस्थान/कासिम पत्रकार ( फिरोजपुर झिरका )।** फिरोजपुर झिरका के खंड गांव बसई में आज कावंड़ियों के लिए बसई गांव से भावी सरपंच अजीम ने गंगा जमुनी भाईचारा की मिशाल पेश की और कांवड़ियों के खाना पीने का इंतजाम किया। और इससे कांवड़ियों ने उनका शुक्रिया अदा किया। और कांवड़ियों खुश नजर आए। इस मौके पर भावी अजीम सरपंच, पवन कुमार, हरपाल, सोहन कुमार, मास्टर जयपाल , बसीर, रतिखा, राहुल, आस मोहम्मद, शहीद, साहिब, गणमान्य लोग स्वागत में मौजूद थे।

# नगर पालिका चुनाव तैयारियों में जुटा प्रशासन, कलेक्टर ने दिए सख्त निर्देश

चमकता राजस्थान

**धौलपुर ब्यूरो चीफ रामदास तरुण।** धौलपुर। आगामी नगर पालिका चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। चुनावी तैयारियों को लेकर जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी के आदेशानुसार वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से एवं पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान की मौजूदगी में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक लेकर तैयारियों की गहन समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। बैठक में




मतदान केंद्रों का भौतिक सत्यापन, पेयजल, विद्युत, शौचालय, रैंप एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही मतदाता सूची के शत-प्रतिशत अद्यतन कार्य को समयबद्ध पूरा करने तथा संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट कहा कि चुनाव आयोग के दिशा- निर्देशों की अक्षरशः पालना करते हुए सभी अधिकारी आपसी समन्वय से कार्य करें, ताकि मतदान प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और व्यवस्थित रहे। उन्होंने अधिकारियों को प्रत्येक स्तर पर सतर्कता बरतने तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होने देने के निर्देश दिए।

उपखंड अधिकारी अमित कुमार वर्मा की मौजूदगी में आयोजित बैठक में पीएमओ डॉ. हरकिशन मंगल, नायब तहसीलदार उत्तम चंद्र बंसल, सहायक विकास अधिकारी राजेश कुमार शर्मा, महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी अर्पित श्रीवास्तव, प्रोग्रामर उमेश शर्मा, नगर पालिका प्रतिनिधि तपेश विधूड़ी, कृषि पर्यवेक्षक राम खिलाड़ी मीणा, सीबीओ राम प्रसाद राघव, जेवीवीएनएल के एईएन आर.डी. मीणा तथा सांख्यिकी अधिकारी अरविंद कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में चुनाव तैयारियों को समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से पूर्ण करने के लिए विभागवार जिम्मेदारियां तय करते हुए सभी अधिकारियों को पूरी गंभीरता और जवाबदेही के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए।

## अलीगढ़ रोड नाले की सफाई से जलभराव की समस्या से मिलेगी राहत

चमकता राजस्थान

**धौलपुर रामदास तरुण/बाड़ी, 07 अगस्त।** नगर पालिका बाड़ी द्वारा लगातार हो रही बारिश के दौरान शहर में जलभराव एवं अवरुद्ध जल निकासी की समस्या के समाधान के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अधिशाषी अधिकारी दीपक गोयल के निर्देशन में नगर पालिका की सफाई टीमें युद्धस्तर पर नालों एवं नालियों की सफाई में जुटी हुई हैं। अधिशाषी अधिकारी दीपक गोयल ने सफाई प्रभारी अंकित कुमार को निर्देश दिए हैं, कि शहर में जलभराव, गंदगी तथा बंद पड़े नालों- नालियों की समस्या का त्वरित समाधान



सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए विशेष टीमों का गठन कर विभिन्न क्षेत्रों में सफाई एवं जल निकासी का कार्य लगातार कराया जा रहा है।इसी क्रम में संतनगर रोड पर जलभराव की समस्या से राहत दिलाने के लिए ट्रैक्टर पम्प मशीन के माध्यम से पानी की निकासी कराई जा रही है। वहीं अलीगढ़ रोड पर जेसीबी मशीन से नाले की सफाई कर जल प्रवाह को सुचारु बनाया गया, जिससे वर्षा का पानी बिना किसी बाधा के निकल सके और आमजन को जलभराव की समस्या से राहत मिल सके।नगर पालिका प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे नालों एवं नालियों में कूड़ा-कचरा न डालें तथा शहर की स्वच्छता और जल निकासी व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में नगर पालिका का सहयोग करें। यह जानकारी नगर पालिका बाड़ी के सूचना एवं जनसंपर्क प्रभारी तपेश बिधूड़ी ने दी।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) कार्यकारी संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929